## खबर संक्षेप

### यांशु 98 % के साथ पांढुर्ना जिले में प्रथम स्थान पर

**पांढुर्ना।** आज नगर की रामशांति विद्या मंदिर में सी.बी.एस.ई. बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित होते ही खुशियों की लहर छायी। कक्षा दसवीं में छात्र यांशु उबनारे ने पांढुर्ना जिले में 98% प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर छात्र लक्ष्य बालपांडे 97%, तृतीय स्थान पर छात्रा समिधा पराडकर 95.6% एवं छात्र तन्मय वाड़ीवा ने 95.4% प्राप्त किए। इनके साथ कक्षा दसवीं में प्रथम 10 स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों में गौरव कोल्हे 94.40% , वेदांत बांबल 94%, श्रुति चौधरी 91.80%, मोहिका घागरे 91.80 %, भावेश कांडलकर 91.20% एवं नीरज बंसोड़ 90.60% अंक प्राप्त कर शाला का नाम रोशन किया । शाला के पांच विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक एवं 10 विद्यार्थियों ने 90% से अधिक अंक प्राप्त किए। संस्था संचालक सुभाष बुधराजा, चेयर पर्सन श्रीमती सरोज बुधराजा, डायरेक्टर शिवम बुधराजा, प्राचार्या श्रीमती चारू गुलाटी, मैनेजर रोहित धवले एवम् समस्त शालेय स्टॉफ द्वारा विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएँ प्रेषित की गई एवं अभिभावकों को बधाईयां दी गई।

### अपूर्वा जैन को मिली पीएचडी की उपाधि

**छिंदवाड़ा।** प्रोफेसर कॉलोनी निवासी अभय कुमार जैन(प्रबंधक, ज़िला सहकारी बैंक , छिंदवाड़ा) व सुषमा जैन ( प्राचार्य) की सुपुत्री अपूर्वा जैन को यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्सस डॉलस (यूएसए) ने इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है । पीएचडी में उनका कार्य क्षेत्र सेमीकंडक्टरस पे रहा । डॉ अपूर्वा जैन ने केंद्रीय विद्यालय छिन्दवाड़ा से अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की ,उसके उपरांत उन्होने बिट्स पिलानी से बीई ऑनर्स इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इकोनॉमिक्स की ड्यूल डिग्री प्राप्त की । फिर उन्होंने अमेरिका से एमएस की उपाधि यूनिवर्सिटी ऑफ़ डॉलस और उसके उपरांत पीएचडी की उपाधि भी यूनिवर्सिटी ऑफ़ डालस से प्राप्त की । अभी डॉ अपूर्वा जैन इंटेल कंपनी, पोर्टलैंड में अपनी सेवाए दे रही है ।

### कौशल स्टेशनरी का काउंटर, चौकसे स्टेशनर्स का बिना जीएसटी का बिल बना विवाद का कारण

# पुस्तक मेले में विवाद, कमीशन और छूट का खेल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

एमएलबी स्कूल में चल रहा तीन दिवसीय पुस्तक मेला सोमवार को संपन्न होने के साथ ही विवादों में पड़ गया क्योंकि कौशल स्टेशनरी के संचालक संजय कौशल और अभिभावक संघ के अध्यक्ष राजेश जैन के बीच विवाद का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो के वायरल होते ही क्रिया प्रतिक्रिया सोशल मीडिया पर आने लगी। ऐसे बहुत से उपभोक्ता जो स्टेशनरी संचालक के व्यवहार से परेशान थे खुलकर सामने आए और सोशल मीडिया पर अभिव्यक्ति का दौर जमकर चला। इसी बीच अभिभावक संघ के अध्यक्ष राजेश जैन ने स्टेशनरी संचालक के खिलाफ कलेक्टर छिंदवाड़ा को लिखित शिकायत की। वहीं स्टेशनरी संचालक ने भी अपनी शिकायत की है। ज्ञात हो कि जिले में यूनिफार्म और स्टेशनरी को लेकर एक माफिया काम कर रहा है जो कि स्कूल संचालकों से कमीशन का खेल करते हुए महंगे दर पर या फिर अंकित मूल्य पर ही स्टेशनरी बेचता है। जबकि इसमें 25 से 40 प्रतिशत का मार्जिन होता है यह मार्जिन का कुछ हिस्सा अधिकारियों और कुछ स्कूल संचालकों को जाता है जिससे आम उपभोक्ता, अभिभावक भलीभांति परिचित है। हर साल शिकायत भी होती है और प्रशासन कार्यवाही के नाम पर दिखावा भी करता है। परंतु यह सब तब होता है जब अभिभावक लूट चुका होता है वह किताबें खरीद चुका होता है। प्रशासन की यह कार्यवाही का ही एक नतीजा है कि पुस्तक मेले का आयोजन किया गया परंतु यह मेला समय चूक जाने के बाद आयोजित हुआ जिससे यह सफल आयोजन तो नहीं कहा जा सकता परंतु शासन की यह पहल निश्चित रूप से सराहनीय तो है।ज्ञात हो कि सोमवार को हुए विवाद में एक शोषित उपभोक्ता का आक्रोश निकला। वहीं उपभोक्ता द्वारा जागरूकता का परिचय देते हुए बिना जीएसटी का बिल लेने से इंकार किया गया। वहीं पांच प्रतिशत छूट के लिए मोल भाव किया गया जो कि एक उपभोक्ता का हक होता है परंतु स्टेशनरी संचालक द्वारा की गई अभद्रता निंदनीय है। अगर वीडियो सामने नहीं आता तो बात को दबा दिया जाता। फिर भी शिक्षा विभाग की ओर से दिनेश वर्मा ने अपना अभिमत देते हुए उपभोक्ता राजेश जैन के खिलाफ ही दिया। सरकारी नुमाइंदे अपने विभाग की साख बचाने में लग गए। जबकि स्पष्ट रूप से स्टेशनरी संचालक अभद्रता करते हुए दिख रहा है। विभाग को भी पुस्तक मेले की सफलता को दर्शाना है और उपभोक्ता भी अपने हक के लिए अपना पक्ष मजबूत करने में लगा है। बहुत से ऐसे उपभोक्ता है जो हमेशा अपमानित और शोषित होकर अपने आप को ठगा सा महसूस करते है परंतु जब एक उपभोक्ता आवाज उठाता है तो साथ खड़े हो जाते है। ऐसा ही आज उस समय देखने को मिला जब सोशल मीडिया पर प्रतिक्रियाओं के साथ वीडियो जमकर वायरल होने लगा। अब देखना यह है कि प्रशासन किसके पक्ष में कार्यवाही करता है।

### नागपुर-पांढुर्णा मार्ग में की गई सघन जाँच

## 17 वाहनों से लिया गया 16200 रूपये का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा


कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज नागपुर-पांढुर्णा मार्ग में सभी वाहनों की बारीकी से जांच की गई। जिसमें सवारी बसों, ऑटो रिक्शा व सभी प्रकार के यात्री वाहनों सहित अन्य सभी छोटे-बड़े वाहनों के सभी दस्तावेजों जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, वैध लाइसेंस आदि की जाँच की गई।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि नागपुर-पांढुर्णा मार्ग में वाहनों की चैकिंग की जानकारी मिलने पर वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और उन्होंने अपने रास्ते को बदल लिया। मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने पर 17 वाहनों से 16200 रूपये का जुर्माना लिया गया एवं वाहन क्रमांक एमपी 28 पी 0293 जो कि बिना परमिट संचालित पाये जाने पर वाहन जप्त कर परिवहन कार्यालय छिंदवाड़ा में सुरक्षार्थ खड़ा किया गया । वर्तमान में माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशानुसार हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के संबंध में भी जांच की जा रही है, जिसमें हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगवाने पर 2 वाहनों पर 1000 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई । उन्होंने बताया कि वाहन संचालकों को समय-समय पर मीटिंग लेकर समझाईश दी जा रही है कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

# भांडी बीट के नवरीटोला जंगल की नदी नाकेदार ने कर दी रेत चोरों के हवाले

### वाहनों के शोर गुल से होते होंगे वन्य प्राणी विचलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया रेंजर की सुस्त कार्य प्रणाली एवं अपने ही नाकेदारों पर नियंत्रण नहीं होने की वजह से तामियां रेंज में नए-नए वन अपराध घटित हो चुके हैं। जिनमें में आधा दर्जन रेत के वाहन पकड़े जाना एवं, लचर कारवाई के कारण उन्हें छोड़ें जाने के कारण इस रेंज की कुआं वादला सर्कल की कुर्सी ढाना भांडी खूंटटी घट लिंगा कोहपानी के जंगलों में रेत का अवेद्य कारोवार आज भी जमकर चल रहा है। जिसमें सर्वाधिक रेत कुर्सी ढाना के बागई पाचढ़ाना जंगल की नदियों से चोरी हो रही है। भाणि बीट के नवरी टोला के जंगल में तो कांग्रेस नेताऔर भांडी कै नाकेदार की मिली भगत से रेत का अवैध कारोबार जंगल की नदियों से रेत निकाल कर किया जा रहा है। लेकिन इतने व्यापक पैमाने पर भांडी के जंगल में रेत का निकाला जाना और रेंजर को इसकी भनक नहीं होना उनकी कार्य प्रणाली पर भी सवाल खड़े करता है।वही यहां का नाकेदार जंगल में ना जाकर तामिया कै रेत चोरी करने वाले, की दुकान में सुबह-शाम हाजरि दैतै देखा जा सकता है। यदि किसी अधिकारी को इसकी पुष्टि करना है। तो इस दुकान एवं आसपास के सीसीटीवी कैमरे में भांडी का नाकेदार दिन में लगभग आधा दर्जन बार, हाजिरी देता देखा जा सकता है। , क्योंकि कांग्रेस नेता जो अवैध रैत व्यवसाय के लिए, जग जाहिर है ।इसी के साथ मिलकर नवरी टोला के जंगल की नदियों से अब तक सैकड़ो ट्रक खुलेआम रेत कि चौरि करवा चुका है। इस तरह भांडी बीट जो अवैध सागोन कटाई के बाद, रेत चोरी का गढ़ बन गई है। इस तरह भाणि मैं नवरी टोला जंगल की नदियों से रेत की चोरी होना। और आला अधिकारियों को समाचार के माध्यम से जानकारी होने के बावजूद भी। ना तो इस रेत के अवेध उत्खनन पर रोक लगाने को तैयार हैं । रेंजर का भांडी के नाकेदार को खुला संरक्षण मिला हुआ है इसमें चर्चा यह भी है। कि हो,रही ईस रेत चोरी की कमाई में रेंजर हिस्सा बंधा हुआ है।

# जबलपुर वित्तीय विभाग की टीम कर रही जांच, कई अधिकारी जांच के घेरे में

### आदिवासी विधानसभा जुन्नारदेव के बीईओ कार्यालय में वित्तीय अनियमितताओं का मामला, करोड़ों का गबन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

आदिवासी विधानसभा जुन्नारदेव के बीईओ कार्यालय में जबलपुर लोकायुक्त की टीम पहुंची है जो सत्र 2018 से 2023 तक के वित्तीय मामलों में हुई अनियमितताओं की जांच कर रही है। मिली जानकारी अनुसार वित्तीय विभाग की टीम द्वारा यहां पर लगभग 05 वर्षों में हुए करोड़ों के वित्तीय मामलों की जांच जारी है। इस जांच में कई अधिकारियों कर्मचारियों की मिलीभगत होना संभावित है, फिलहाल जांच पूर्ण होने के बाद दूध-का दूध और पानी का पानी हो पायेगा। बीईओ कार्यालय में जारी जांच के दौरान 2018 से 2023 तक पदस्थ अधिकारी और कर्मचारी संदेह के घेरे में है फिलहाल इस कार्यकाल के दौरान सत्र 2023 में उमेश कुमार सातनकर, सहायक संचालक शिक्षा जनजातीय कार्य विभाग छिन्दवाड़ा के पास वित्तीय प्रभार था, यह भी इस जांच में शामिल है। इसी सत्र 2023 में ओपी जोशी भी बीईओ का कार्यभार देख रहे थे। सत्र 2022-23 में आनंद राव लोखंडे बीईओ के प्रभार पर थे। सत्र 2020 से 2022 तक एमआई खान बीईओ के प्रभार पर थे। एवं सत्र 2018 में आनंद राव लोखंडे बीईओ के प्रभार पर थे। इस प्रकार सत्र 2018 से 2023 तक बीईओ का कार्यभार देखने वाले सभी अधिकारी संदेह के घेरे में है। इसके अतिरिक्त अन्य शासकीय कर्मचारी भी जांच टीम की

#### जबलपुर वित्तीय विभाग की यह टीम कर रही जांच

जबलपुर वित्तीय विभाग का पांच सदस्यी दल जुन्नारदेव बीईओ कार्यालय में सत्र 2018 से 2023 तक की वित्तीय अनयमितता और गबन की जांच करने पहुंचा है जो जबलपुर वित्तीय विभाग के जेडी रोहित सिंह कौशल के निर्देशन में सहायक संचालक अमित चैबे, पंकज पटेरिया, प्रेमशंकर, भुवन शर्मा और आकाश तिवारी द्वारा जुन्नारदेव बीईओ कार्यालय के दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है। यह जांच बीते बुधवार से निरंतर जारी है।

#### यह है मामला

आदिवासी विधानसभा जुन्नारदेव के बीईओ कार्यालय में जबलपुर वित्तीय विभाग की टीम जांच पड़ताल कर रही है। इसमें मुख्य तौर पर मामला मृत कर्मचारियों के खाते की राशि अपने परिजनों और खातों में हस्तांतरित करने का बड़ा मामला उजागर हो सकता है साथ ही इसमें कितने रिश्तेदारों के कितने खाते है जिनमें यह राशि बंदरबांट की गई है इसका भी बड़ा खुलासा जांच के बाद होने की संभावनाएं व्यक्त की जा रही है। फिलहाल जांच दल द्वारा जांच पूर्ण होने के बाद ही इसका खुलासा हो सकेगा।

#### जबलपुर वित्तीय विभाग की टीम कर रही जांच

जबलुपर वित्तीय विभाग का पांच सदस्यी दल जुन्नारदेव बीईओ कार्यालय में सत्र 2018 से 2023 तक की वित्तीय अनयमितता और गबन की जांच करने पहुंचा है जो जबलपुर वित्तीय विभाग के जेडी रोहित सिंह कौशल के निर्देशन में सहायक संचालक अमित चैबे, पंकज पटेरिया, प्रेमशंकर, भुवन शर्मा और आकाश तिवारी द्वारा जुन्नारदेव बीईओ कार्यालय के दस्तावेजों को खंगाला जा रहा है। यह जांच बीते बुधवार से निरंतर जारी है। आदिवासी विकासखंड में वर्ष 2018 के दौरान विकासखंड के शिक्षा विभाग में अन्य को विसंगतियां देखने को मिली निरंतर समाचार पत्रों के माध्यम से शासन प्रशासन को समय-समय पर अवगत किया गया किंतु सफेद पोस्ट नेताओं के माध्यम से प्रकाशित समाचार पर कार्रवाई का ना होना अपने को प्रश्न को जन्म देता है अब देखना यह है कि शासन प्रशासन एवं जांच दल अपनी जांच रिपोर्ट कब तक पेश करता है और क्या कार्रवाई होती है यह सब प्रश्न हम जनमानस के पटल पर हैं।

# पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले 3 आरोपियों को गिरफ़्तार कर 2 बाइक की बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा




थाना अमरवाड़ा शहर व आसपास के ग्राम से विगत दिनों मोटर सायकल की चोरी की घटनायें हुई थी , जिस पर पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी अमरवाड़ा निरीक्षक राजेन्द्र धुर्वे को चोरी करने वाले बदमाशों की धरपकड़ करने हेतु निर्देशित किया था। थाना प्रभारी अमरवाड़ा निरीक्षक राजेन्द्र धुर्वे ने एक पुलिस टीम गठित की और आरोपियों की पतारसी हेतु मुखबिर लगाये , तब मुखबिर की सूचना के आधार पर संदेही कपिल पिता संतकुमार पवार उम्र 20 साल निवासी ग्राम चिखलीमुकासा थाना अमरवाड़ा, दिनेश उर्फ छोटू पिता तुलसीराम चौहान उम्र 20 साल निवासी ग्राम चिखलीमुकासा थाना अमरवाड़ा एवं एक नाबालिक बालक से संदेह के आधार पर हिरासत पर लेकर पूछताछ की गई जिन्होनें ग्राम तेंदनीमाल से दिनांक 13/04/24 की दरम्यानी रात में हीरो होंडा सीडी डीलक्स मो.सा. क्रमांक MP28 BC1488 एवं बिना नंबर की मोटरसायकल चोरी करना बताये। जो आरोपियों से उक्त दोनों मोटरसायकल जप्त की गई तथा आरोपीगणों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।पुलिस टीम – टी आई राजेन्द्र धुर्वे , उप निरी विजेंद्र मार्को , सउनि द्वारका प्रसाद पाल, प्रधान आर 806 रामगणेश तिवारी प्रधान आर 634 प्रवीण श्रीवास्तव , आर 847 राजेन्द्र बघेल की मुख्य भूमिका रही ।

# दो मोटरसाइकिल में भिड़ंत, पटपड़ा के तीन लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

सोमवार की शाम लगभग 7:15 बजे पिपरिया मुख्य मार्ग बेलगांव के पास दो मोटरसाइकिल आपस में टकरा गई । जिसमें पटपड़ा निवासी एक परिवार के तीन सदस्य घायल हो गए । जानकारी के अनुसार पटपड़ा निवासी तीन लोग मोटर साइकिल से तीतरा डूंगरिया गंगा पूजा में गए थे । वापस आते समय बेलगांव के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गए । दूसरा मोटरसाइकिल चालक टक्कर मारकर फरार हो गया है । न्यूटन पुलिस चौकी प्रभारी दिनेश सिंह बघेल ने बताया , कि पटपड़ा निवासी एक वृद्ध महिला को सिर में चोट लगी है , जबकि एक बुजुर्ग घायल है । मोटरसाइकिल चालक 20 वर्षीय युवक की उंगली में चोट आई है । घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया । दूसरा मोटरसाइकिल चालक की जानकारी ली जा रही है।

#### स्ट्रॉन्ग रूम में रखी हुई ई.व्ही.एम. पूर्णतः सुरक्षित

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने बताया कि छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र में मतदान उपरांत स्ट्रॉन्ग रूम में रखी हुई ई.व्ही.एम. मशीनें पूर्णतः सुरक्षित हैं। स्ट्रॉन्ग रूम की आकाशीय बिजली से सुरक्षा के लिए तड़ित चालक पूर्व से ही पर्याप्त संख्या में लगाए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रॉन्ग रूम की तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सतत की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि 12 मई 2024 को दोपहर लगभग 2:30 बजे आकाशीय बिजली कड़कने के कारण तीन विधानसभा क्षेत्रों परासिया, जुन्नारदेव एवं छिंदवाड़ा विधानसभाओं के स्ट्रॉन्ग रूम के लिए लगाये गये डिस्प्ले स्क्रीन हाई वोल्टेज के कारण कुछ समय के लिए बंद हो गए थे, जिन्हें तत्काल ही उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त कलेक्टर की देखरेख में ठीक कर दिया गया था।

# खराब रिजल्ट जारी होने से भड़के लॉ कॉलेज के छात्र

### जमकर की नारेबाजी, एलएलबी के रिजल्ट को लेकर छात्रों में आक्रोश, कुलपति को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा के द्वारा लॉ विषय का रिजल्ट खराब आने से सोमवार को विद्यार्थियों को आक्रोश देखने को मिला है। नाराज विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय पहुंचकर विवि प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए विरोध जताया।

मिली जानकारी के अनुसार एल.एल.बी तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों के द्वारा बीते शनिवार को देर शाम परीक्षा परिणाम जारी किया गया। जिसमें अधिकांश विद्यार्थियों को या एटीकेटी दी गई है या तो फिर फेल है, विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप भी लगाएं है।

शासकीय विधि महाविद्यालय छिंदवाड़ा के छात्रों ने विश्वविद्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपकर जारी परीक्षा परिणाम को सुधारकर जारी कराने की मांग की है। विद्यार्थियों जब विश्वविद्यालय पहुंचे तो कुलसचिव ज्ञापन लेने के लिए सामने आएं जिन्हें विद्यार्थियों ने ज्ञापन देने से माना कर दिया और कुलपति से मुलाकात कर ही ज्ञापन देने की मांग करते रहे।

विद्यार्थियों की मांग विवि प्रबंधन के कुलपति डॉ. लीला भलावी के समक्ष रखीं। जिसके बाद कुलपति ने बाहर आकर छात्रों की मांग को गंभीरता से सुनकर ज्ञापन लिया और शीघ्र जांच समिति बनाकर संज्ञान लेने का आश्वासन दिया। छात्रों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपते समय साकिब बेग, रितिक तिवारी, प्रकाश डेहरिया, गगन भलावी, सुरेखा धुर्वे, संगीता बेलवंशी, रश्मि उइके, आकाश इरपाची, अंकित डेहरिया, अनिल उईके, आकाश कुमार, आयुष ए प्रसाद, अर्जुन सनोड़िया, उमेश समेत दर्जनों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। विद्यार्थियों ने चर्चा में बताया कि रिजल्ट सुधार कर दोबारा जारी नहीं किया जाता है तो छात्रों को आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

# कंपनी ठेकेदार नहीं कर रहे न्यूनतम वेतन अधिनियम का पालन

### ठेका श्रमिकों ने सौंसर पहुंचकर की श्रमआयुक्त से शिकायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली एक बड़ी इकाई के कामगारों ने सोमवार को तहसील कार्यालय में पहुंचकर न्युनतम वेतन अधिनियम 1948 के अंतर्गत मध्यप्रदेश शासन द्वारा दिनांक 1 अप्रेल 2024 में पारित किये गये पुनरिक्षित न्युनतम वेतन व महंगाई भत्ता नही दिये जाने की मांग को लेकर ज्ञापन सोपा है। श्रमायुक्त म.प्र. शासन इंदौर को सोपे ज्ञापन में सामाजिक कार्यकर्ता पंकज ठाकरे के साथ कामगारों ने बताया किकंपनी में विगत 10-15 वर्षो से ठेकेदारी के रूप में कार्यरत है, कंपनी के ठेकेदार सिंग,चौधरी एण्ड कंपनी द्वारा विगत कई वर्षों से वेतन और श्रम को लेकर मजदुरों का दोहन व शोषण किया जा रहा है। जिसकी कई बार शिकायत अनुविभागीय अधिकारी सौंसर व कलेक्टर छिंदवाडा/पांढुर्णा कि जा चुकी है। न्युनतम वेतन अधिनियम 1948 के अंतर्गत मध्य प्रदेश शासन द्वारा दिनांक 1 अप्रेल 2024 को श्रमिको को वर्गानुसार पुनरक्षित वेतन व महंगाई भत्ते में बढोत्तरी की गई है। किंतु कंपनी के ठेकेदारों द्वारा न्युनतम वेतन अधिनियम के अंतर्गत बढे वेतन को देना तो दुर न्युनतम मजदुरी से भी कम मजदुरी दी जा रही है। जिसकी पूर्व मे भी जिला प्रशासन व तहसील प्रशासन को भी शिकायत की जा चुकी है। शिकायत करने के बाद ठेकेदारों द्वारा श्रमिकों को कार्यो से बंद करने की धमकी देकर दबाव बनाया जाता है पूर्व में शिकायत करने वाले कई मजदुरों को कार्य से बंद किया जा चुका है। सभी कामगारों ने एक आवाज मेंजल्द से जल्द कंपनी व ठेकेदारों को पेमेंट अधिकारी शीट आदि का निरीक्षण कर न्युनतम वेतन अधिनियम के अंतर्गत पुनरिक्षित न्युनतम वेतन दिया जाना चाहिए।

### शराब दुकान के सामने बैठे महाविद्यालय छात्र-छात्राएं

# क्षेत्र में लगातार तूल पकड़ रहा है शराब दुकान हटाने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



छिंदवाड़ा मार्ग वार्ड क्रमांक 14 सीबीएसई स्कूल एवं कॉलेज के सामने लग रही शराब दुकान को लेकर सोमवार को छात्र-छात्राओं ने शराब दुकान के सामने बैठकर विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रशासन अधिकारी एवं शराब ठेकेदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लगभग 1 घंटे तक महाविधालय के छात्र-छात्राओं ने शराब दुकान के सामने बैठकर धरना भी दिया। इस दौरान सौसर विधायक विजय चौरे, तहसीलदार भावना मलगाम,थाना प्रभारी जितेंद्र यादव, आबकारी अधिकारियों ने पहुंचकर स्कूली छात्र-छात्राओं से चर्चा की।छात्र-छात्राओं का नेतृत्व कर रहे हैं, विधानसभा एनएसयूआई अध्यक्षजिम्मी टाकभंवरे ने बताया आबकारी,स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत के चलते तीन महाविद्यालय दो छात्रावास,1 सीएम राइज स्कूल, सीबीएसई स्कूल जिनिग के मार्ग पर जानबूझकर शराब दुकान लगाई जा रही है।यहां शराब दुकान लगने से भविष्य में छात्र-छात्राए सुरक्षित नहीं रहेंगे। बड़ी दुर्घटनाएं होगी। प्रशासन ने शराब दुकान को नगर सीमा से बाहर करना चाहिए।अन्यथा नागपुर छिंदवाड़ा मार्ग पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

नगर के सबसे व्यस्ततम एरिया में लगने वाली शराब दुकान को लेकर सौसर नगर में नेतागिरी करने वाले नेता जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न संगठनों के माध्यम से जनसेवा का दम भरने वाले विभिन्न सामाजिक धार्मिक सांस्कृतिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं सदस्य इस आंदोलन में कहीं भी सक्रिय रूप से नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि रँगारी सापर ओर सौसर शराब दुकान हटाने को लेकर कांग्रेस के द्वारा लगातार प्रशासन को ज्ञापन सौंपे जा रहै है।

#### नियमों के विरुद्ध संचालित हो रही शराब दुकानें

भाजपा नेता भक्ते सौसर में लग रही शराब दुकान को हटाने के लिए भाजपा विधानसभा संयोजक राजेंद्र भक्ते के द्वारा एक प्रेस नोट जारी करते हुए राजस्व एवं आबकारी अधिकारियों से शराब दुकान हटाने की मांग की है। श्री भक्ते शराब ठेकेदार की मनमानी,मारपीट, अधिक शराब की राशि वसूली, शराब दुकान पर रेड बोर्ड सीसी टीवी नही लगाने, आदि को लेकर कार्रवाई करने की मांग की है। छात्र-छात्राओं के द्वारा किए जा रहे आंदोलन को समर्थन करते हुए कहा कि सौसर में लगने वाली शराब दुकान महाविद्यालय स्कूल हॉस्पिटल कन्या छात्रावास जिनिग से गिरी हुई है। इसलिए प्रशासन ने इस जगह को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करना चाहिए।

## सूरदास की जयंती पर कवि गोष्ठी आयोजित

# श्रृंगार के वियोगी पक्ष की अभिव्यक्ति में सूरदास का कोई सानी नहीं है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

समर्थ बाधित मित्र मंडल भारत माता छात्रावास नई आबादी छिंदवाड़ा में समिति के अध्यक्ष कमलेश साहू के संरक्षण में महाकवि सूरदास की जयंती पर आयोजित कवि गोष्ठी में मुख्य अतिथि बतौर बोलते हुए प्रो. अमर सिंह ने कहा कि सूरदास वात्सल्य रस के सृजन की पराकाष्ठा के कवि थे, आज भी बालपन के कुशल चितेरे सूरदास के बाल सुलभ नैसर्गिक सौंदर्य के पूर्ण चित्रण के कायल हैं। इसी आयोजन में परसराम डहेरिया के काव्य संग्रह ₹ नीलम का पारस₹ का विमोचन किया गया जिसकी समीक्षा अंजुमन मंसूरी आरजू ने प्रस्तुत की। विशिष्ट अतिथि कवि रत्नाकर रतन ने अपनी रचना पढ़ी



₹नेह का तुम दिया जला दो, मन का अंधियारा मिट जाएगा₹। साहित्य सेवी रणजीत सिंह परिहार ने कहा कि श्रृंगार के वियोगी पक्ष की अभिव्यक्ति में सूरदास का कोई सानी नहीं है। केशव प्रसाद कैथवास ने सूरदास को भक्तियुग का युग निर्धारक कवि बताया। राजेंद्र यादव ने शहीदों पर अपनी कविता यों पढ़ी ₹सूर्य चला अस्ताचल, पर मां की आंखें गम हैं।₹ कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ कवि लक्ष्मण प्रसाद डहेरिया ने अपनी कविता यों पढ़ी ₹हाथ में जो है, वही अपना है, बाकी सब जिंदगी का सपना है।₹नंद कुमार दीक्षित ने अपनी कविता यों पढ़ी₹ भावों को सप्त रूप में आकार दीजिए, सद्भाव ठहर जाएं, आधार दीजिए।₹ रामलाल सराठे रश्मि ने अपने उद्गार यों व्यक्त किए ₹सारा सागर ले लो मुझसे, उसका थोड़ा जल दे दो, तुम्हीं सहेजो वर्तमान को, हमें हमारा कल दे दो।₹ विख्यात कवयित्री अंजुमन मंसूरी आरजू ने अपनी काव्य रचना पढ़ी ₹कब हमने अपनी तन्हाई को रो करके बर्बाद किया, हर आफ़त से टकराए और ख़ुद को ही फ़ौलाद किया₹। अनुराधा तिवारी ने बलिदनी त्याग पर ये शब्द पढ़े ₹तिरंगा जिनकी सांसों में बस, वो डर नहीं सकता, जो दिलों में राज करता है, वो कभी मर नहीं सकता₹। मोहिता मुकेश कमलेंदु ने मां की महत्ता पर यों प्रकाश डाला ₹माँ के चरणों की धूल, जबसे उड़कर मेरे माथे पर पहुँची है, तब से तो जैसे मेरी जिंदगी ही संवर गई है₹।

नंद कुमार दीक्षित ने सरस्वती वंदना के साथ पर्यावरण पर अपनी कविता पढ़ी। कवि सहादेव कोल्हे ने कहा ₹कहीं अर्थी को कांधा नहीं मिलता, तो कहीं बारात खड़ी होती है₹। शंकरलाल साहू ने गीता दर्शन को स्वयं का स्वयं से उद्धार कर उतारा। कवि गोष्ठी का संचालन अंजुमन मंसूरी आरजू और कमलेश साहू ने संयुक्त रूप से किया।

## दीपक सावनेरे बने संभागीय निरीक्षण समिति के अध्यक्ष

**छिंदवाडा।** मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ संभागीय शाखा जबलपुर के संभागीय अध्यक्ष श्री विपिन पीपरे ने जारी विज्ञप्ति में बताया है 12 मई 2024 को इंडियन कॉफी हाउस मेडिकल कॉलेज में मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ संभागीय शाखा जबलपुर का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री महेंद्र शर्मा जी विशिष्ट अतिथि संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक डॉ अरविंद शर्मा जी उप अधीक्षक डॉ ऋचा शर्मा जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संघ के संरक्षक माननीय श्री चुरामन रैकवार जी ने की,साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारी को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर छिंदवाड़ा से श्री दीपक सावनेरे को संभागीय निरीक्षण समिति के अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया। श्री दीपक सावनेरे को संभागीय निरीक्षण समिति अध्यक्ष नियुक्त होने पर संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष श्री बालाराम परतेती, पूर्व सचिव नारायण ढाकने, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष श्री काषीराम षुक्ला, श्री संजीव कपाले जिलाध्यक्ष, श्री राजू काकोडिया जिला कोषाध्यक्ष, श्री किषोर सावले जिला सचिव, श्री महेष शर्मा, अनंत तायवाडे, सगरलाल नागंवषी, हेमंत पाटिल, राजकुमार मालवी, कृपाराम परतेती, विनोद मालवी, शयामा इरपाची, याषोदा बेलवंषी एवं समस्ता जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एव, श्री सुखदेव मानकर क्षेत्रीय सुरक्षा समिति सदस्य भारतीय मजदूर संघ डब्लूसीएल,, श्री विजय मालवी अध्यक्ष जनभागीदारी समिति छिंदवाड़ा इकाई, श्री अमित दुबे कोषाध्यक्ष, श्री रामू चौरे सचिव, श्री मनोज ग्यास, श्री रवि साहू, विनोद नीरापुरे, श्री कमलेष तुर्के, श्रीमती किरण सावनेरे, श्री षिवसिंग डेहरिया सहित इष्ट मित्रों ने बधाई दिया। इस अवसर पर श्री दीपक सावनेरे ने संभागीय शाखा जबलपुर के समस्त पदाधिकारियों एवं जिला शाखा कार्यकारिणी अध्यक्ष संजीव कपाले एवं पदाधिकारियों के प्रति अभार व्यक्त किया।

## पुस्तक एवं गणवेश मेले में किया सेवा कार्य किया स्काउट एवं गाइडर ने



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय पुस्तक एवं गणवेश मेला का अयोजन दिनोंक 11/5/2024 से 13/5/2024 तक शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्च माध्य विधालय छिन्दवाडा में आयोजित किया गया था। जिसका प्रथम दिवस कलेक्टर महोदय श्री शीलेन्द्र सिंह कलेक्टर छिन्दवाडा के द्वारा पुस्तक एवं गणवेश मेले का शुभारंभ किया गया इस अवसर पर स्काउट गाइड के छात्र छात्राओं के द्वारा गाडआफ आर्नर के द्वारा कलेक्टर महोदय का स्वागत किया गया मेले के शुभारंभ के बाद स्काउट गाइड के छात्र छात्राओं के द्वारा प्रतिदिन मेले में जल सेवा कार्य किया गया प्रातः 10.00 बजे से शाम 3.30 बजे तक स्काउट गाइड के द्वारा मेले में सेवा कार्य किया गया स्काउट गाइड के द्वारा प्रत्येक कक्ष में जाकर दुकान दार एवं उपस्थित अभिभावकों को इस गर्मी में ठण्डा पानी पिलाया गया ।मेले के प्रवेश द्वारा में भी स्काउट गाइड के द्वारा जल सेवा केन्द्र स्थापित किया गया जिससे मेले में आने वाले अभिभावकों ठंण्डा ठण्डा पानी स्काउट गाइड के द्वारा पिलाया गया साथ पुस्तक मेले में सेवा कार्य में जिले के निम्न संस्था शास उत्कृष्ट विधालय छिन्दवाडा, बालाजी पब्लिक स्कूल छिन्दवाडा, शास. महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उ०मा०वि०छिन्दवाडा, पंडित नेहरू उ०मा०वि० जनता कलोनी छिन्दवाडा एवं विधा निकेतन उच्च माध्य, विधालय छिन्दवाडा के कुल 40 स्काउट गाइड के द्वारा तीन दिवसीय मेले में जल सेवा कार्य किया गया जल सेवा शिविर में डी.ओ.सी. स्काउट नरेन्द्र कुमार 'शर्मा, डी.टी.सी.स्काउट राकेश मालवीय, ब्लाक संघ उपाध्यक्ष गिरीश धुवे, स्काउटर रामकिशोर धुर्वे, नितीन कोचेकर श्रीमती आरती सोनी एवं बलराम वरकोरिया का विशेष योगदान रहा जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल सिंह बघेल ने स्काउट गाइड के छात्र छात्राओं को इस सेवा कार्य के लिए बहुत बहुत बधाई दी। साथ ही उपस्थित भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ अध्यक्ष विनोद तिवारी ने सेवा कार्य में उपस्थित स्काउट गाइड एवं जिन संस्थाओं के स्काउट गाइड इस सेवा कार्य के लिये आये उनकी भूरी भूरी प्रशांसा की।

## शत प्रतिशत रहा परिणाम, विद्यार्थियों ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

उच्च शिक्षा एवं उत्तम संस्कार के लिए ख्याति प्राप्त संत श्री आशारामजी गुरुकुल के विद्यार्थियों का प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा । सी. बी. एस. ई. 10 th और 12 th का आज रिजल्ट घोषित हुआ। 12 th विज्ञान संकाय में गोविंद डिगरसे 93.2 % , पलाश भोयर 85.4% , अर्पित त्यागी 82.6% , खुशी नेतानी 89.6% एवं 10 th में भूषण गुप्ता 92.2% , भुयश साहू 91.6% , भगत गणेश 91.4% , गोविंद सिंह 90.8% , हरिओम 90% , प्रतिशत प्रमुख हैं। इस अवसर पर गुरुकुल की संचालिका दर्शना





खट्टर ने बताया कि यह देश का पहला गुरुकुल है जहां प्रतिवर्ष शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहता है । अन्य कई गतिविधियों में बच्चों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर तक कई प्रतियोगिता जीत कर जिले को गौरान्वित किया है। इस अवसर पर खजरी आश्रम के जयराम भाई , समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , गुरुकुल की संचालक दर्शना खट्टर , युवा सेवा संघ के अध्यक्ष दीपक डोईफोड़े , प्राचार्या कु. प्रिया सिंह , प्रबंधक सुशील सिंह परिहार , छात्रावास प्रभारी सोमनाथ पवार सहित शिक्षण स्टॉफ़ ने विद्यार्थियों को शुभाशीष प्रदान किया ।

## न्यायाधीशों ने आम नागरिकों को बताए मध्यस्थता के फायदे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पालिका परासिया में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने सोमवार को मध्यस्थता जागरुकता शिविर लगाया । शिविर में न्यायाधीषगणों ने आम नागरिकों को न्यायालयीन प्रकरणों में मध्यस्थता के लाभ बताए । इस अवसर पर मध्यस्थता से लाभान्वित हुए लोगों ने भी अपने अनुभव बताए। जिला न्यायाधीश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रेमपाल सिंह ठाकुर, अतिरिक्त जिला एंव सत्र न्यायाधीश समीक्षा सिंह, जिला विधिक सेवा अधिकारी विजय कुमार खोब्रागडे, ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सुपरवाईजर, नगर पालिका कर्मचारी और आम नागरिकों को मध्यस्थता के लाभ बताए । शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय, उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर उपस्थित रहे । एडीजे समीक्षा सिंह ने नागरिकों को उनके अधिकारों की जानकारी दी । मध्यस्थता के लाभ बताए । मध्यस्थता कैसे करे इसकी जानकारी दी । जिला विधिक सेवा



अधिकारी विजय कुमार खोब्रागड़े ने आपराधिक और दुर्घटना के मामलों में प्रतिकर पाने को लेकर जानकारी दी । जिला न्यायाधीष प्रेमपाल सिंह ठाकुर ने मध्यस्थता क्या है ? मध्यस्थता कौन कर सकता है ? किन मामलों में मध्यस्थता हो सकती है ? और मध्यस्था के लाभ बताए । उन्होंने कहा , कि निचले स्तर पर ही मध्यस्थता से मामले सुलझ सकते है । इससे दोनो पक्षों का नुकसान नहीं होता है । कोर्ट का कोई फैसला नहीं होता । दोनों पक्षो का फैसला ही मुख्य निर्णय होता है । इसमें पक्षकारों को कोई मध्यस्थता शुल्क नहीं लगता । घरेलू हिंसा, भरण पोषण, पारिवारिक विवादों, चोरी आदि के मामले में मध्यस्थता को उन्होंने उदाहरण देकर समझाया।नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने नागरिकों से आग्रह किया कि न्यायाधीशों ने बहुत सारी छोटी छोटी बातें बताईं । जिनसे पीड़ितों को न्याय आसानी से दिलाया जा सकता है। उन्होंने न्यायाधीश गणों का आभार व्यक्त किया ।

## वन परिक्षेत्र अधिकारी से शराब पीकर आपत्तिजनक शब्दों से करता है अभद्रता

# वनरक्षक संजय सिंह चौहान हुआ बेलगाम शराब के नशे में ग्रामीण व किसानों को करता है परेशान

### शराब के नशे में ट्रैक्टर चालकों से करता है अवैध वसूली माफियाओं को देता है संरक्षण

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** अपनी बीट छोड़ अन्य बीट में खेत से मिट्टी ला रहे किसान का ट्रैक्टर रोककर, वसुली की डिमांड करने का आरोप, लांजी वनविभाग पूर्व अंतर्गत मुंडीधार बीट के वनरक्षक संजयसिंह चौहान पर लगा है। जिसके द्वारा रूपए नही दिए जाने पर हंगामा करने की सूचना मिलने पर जब परिक्षेत्र अधिकारी ने भी वनरक्षक से मोबाईल पर चर्चा की तो उसकी बातचीत सही नहीं होने पर परिक्षेत्र अधिकारी ने उसे नाका पर रोककर उसकी एमएलसी कराई है। जिसकी रिपोर्ट आना बाकी है, वहीं अधिकारी ने मामले में एक प्रतिवेदन बनाकर, वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा है। चूंकि अग्रिम कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारी द्वारा ही की जानी जानी है। वहीं वनरक्षक पर किसान और जेसीबी संचालक ने नशे में होने का आरोप लगाया है।

लांजी क्षेत्र के वनविभाग कर्मी, इन दिनों, वसुली के मामले में सुर्खियां बटोर रहे है। बीते दिनों किरनापुर के दो वनकर्मियों द्वारा रास्ते में वाहनों को रोककर कथित पुलिसवाला बताकर वसुली करने का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि लांजी वन विभाग पूर्व अंतर्गत नेवरवाही के ग्राम कोड़ापा में 11 मई की रात लगभग 11 बजे कोड़पा निवासी किसान, खेत की मिट्टी ट्रेक्टर के माध्यम से अपने घर ला रहा था।

इसी दौरान अपनी बीट से अलग पूर्व मुंडीदादर बीट के वनरक्षक संजयसिंह चौहान, यहां पहुंचा और ट्रेक्टर चालक एवं किसान विजय दमाहे का ट्रैक्टर रोककर रॉयल्टी मांगने लगा। किसान ने खेत से मिट्टी लाने की रॉयल्टी नहीं होने की बात कहने पर वनरक्षक उससे एक हजार रूपए की मांग करने लगा और मामला बना देने की धमकी देने लगा।

यही नहीं बल्कि गांव में ही खड़ी एक जेसीबी के चालक सुनील चौधरी से भी वनरक्षक संजयसिंह चौहान ने अभद्रता करते हुए जेसीबी मालिक का नंबर लेकर उनसे बात की और 10 हजार रूपए की डिमांड की। जिन्हें भी राशि नहीं देने पर मामला बनाने की धमकी दी। वनरक्षक की राशि मांगने से परेशान किसान और जेसीबी चालक की मानें तो वनरक्षक, नशे की हालत में था। किसी अन्य वनरक्षक के बीट में जाकर वनरक्षक संजयसिंह द्वारा वाहनो से राशि मांगने और राशि नहीं देने पर मामला बना दिए जाने की दी जा रही धमकी की जानकारी मिलने पर गश्त कर रहे



रेंजर अभिषेक जाट ने वनरक्षक को फोन लगाया तो वनरक्षक अधिकारी से भी असामान्य रूप से बात करने लगा। जिसके बाद वापस लौट रहे वनरक्षक को बकरामुंडी डिपो के पास रेंजर ने रोककर, उसे सिविल अस्पताल लाया और यहां उसकी एमएलसी कराई।

बताया जाता है कि वन विभाग पूर्व कंसूली सर्कल के मुंडीदादर बीट में पदस्थ वनरक्षक संजय सिंह चौहान नशे का आदि है और ड्यूटी में भी वह नशे में रहता है। जिसके संबंध क्षेत्र के अवैधानिक गतिविधि में संलिप्त लोगों से है। जो उनके अवैधानिक कार्यो को संरक्षण देता है और ट्रेक्टरों से अवैध परिवहन के नाम पर वसुली करता है। अब देखना है कि इस मामले के सामने आने के बाद विभाग क्या कार्यवाही करता है।

### इनका कहना है

रात्रि में गश्त के दौरान हमें खबर मिली कि वनरक्षक, गांव में लोगों से अभद्रता कर हंगामा कर रहा है। जिसके बाद मैने दूरभाष पर बातचीत की तो उसकी बातचीत ठीक नहीं लगी। जिसके बाद हमने उसकी अस्पताल में एमएलसी कराई है। जिसकी रिपोर्ट आना बाकी है। मामले में एक प्रतिवेदन बनाकर वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा गया है। जिसमें अधिकारियों द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

**अभिषेक जाट,**
**वन परिक्षेत्र अधिकारी**

## समर कैम्प में ताइक्वांडो और मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण

**बालाघाट।** अतिरिक्त जिला न्यायाधीश श्री भूभाष्कर यादव शनिवार को खेल विभाग और जिला ताइक्वांडो संघ के संयुक्त प्रयासों से आयोजित ताइक्वांडो और मार्शल आर्ट के प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए। एडीजे श्री यादव ने प्रशिक्षुओं को आत्मरक्षा के संबंध में कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। बच्चों के साथ फोटो खिंचवाई। इस अवसर पर बीआरसी बैहर राजकुमार ब्रम्हे, बीआरसी बिरसा नंदकुमार तेकाम, मॉडल स्कूल बैहर के प्राचार्य सुनील कुमार खोब्रागडे, जिला ताइक्वांडो संघ बालाघाट के अध्यक्ष उत्तम सिंह बैस, मप्र ताइक्वांडो संघ के कोच ध्रुव कुमार लोधी, छात्रावास अधीक्षक श्रीमती नीना परिहार एवं चंद्रप्रकाश बारमाटे, डॉ संजीव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## न्याय की गुहार लगाने सरपंच सहित ग्रामीण पहुंचे बिजली विभाग

# ट्रांसफार्मर खराब होने से तीन दिन से विद्युत आपूर्ति ठप, अंधेरे में रहने को मजबूर हुए ग्रामीण

**हरिभूमि न्यूज लांजी** । लांजी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत पौसेरा के गांव दलखा पौसेरा में ट्रांसफार्मर में खराबी आ जाने से बीते तीन दिन से विद्युत आपूर्ति ठप पड़ी है। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद ट्रांसफार्मर की ठीक नहीं किया गया। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता को लेकर बिजली उपभोक्ताओं में काफी नाराजगी हैं। तीन दिन से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण करीब सैकड़ो घर अंधेरे में डूबे हुए हैं। उपभोक्ताओं को अंधेरे में रात गुजारनी पड़ रहे हैं। भीषण गर्मी में लोगों को बिजली नहीं मिलने से कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग के लापरवाही के कारण हम लोगों को बिजली नसीब नहीं हो पा रही है। इस चिल्लाते धूप तथा उमश भरी गर्मी में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ लोगों को पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। दूरदराज से पानी लाकर घरों का काम चलाना पड़ रहा है। आगे ग्रामीणों ने बताया की बिजली नहीं रहने के कारण हमारे बच्चों जो की स्कूल की छुट्टी लगने के कारण घर पर ही रहकर पढ़ाई करते हैं उनकी पढ़ाईभी चौपट हो रही है। ग्राम पंचायत पौसेरा के सरपंच कृष्णा पांचे ने बताया की कई मर्तबा बिजली विभाग को सूचना देने के बावजूद भी कार्यवाही नहीं हो रही है। वही ग्राम पंचायत पौसेरा के सरपंच कृष्णा पांचे ने यह भी बताया कि ग्राम चिलोरा में ट्रांसफार्मर लगा हुआ है और वही



ट्रांसफार्मर से हमारे ग्राम दलखा पौसेरा को भी बिजली दी जा रही है । जिससे ज्यादा लोड होने के कारण यह ट्रांसफार्मर बार-बार खराब हो जाता है । हमारी यह मांग है कि बिजली विभाग के द्वारा ग्राम दलखा पौसेरा में भी एक नवीन ट्रांसफार्मर लगाया जाए जिससे कि ऐसी स्थिति उत्पन्न ना हो और उन्होंने कहा कि बिजली विभाग यथाशीघ्र गांव में खराब पड़े ट्रांसफार्मर की जगह नया बिजली ट्रांसफार्मर लगाने की मांग भी की गई है। इसी समस्या को लेकर ग्राम पौसेरा के सरपंच उप सरपंच प्रभारी सचिव अपने ग्राम के दर्जनों से भी ज्यादा ग्रामीण के साथ बिजली विभाग लांजी पहुंचे जहां उन्होंने दूरभाष पर बिजली विभाग के प्रभारी जे ई अजय कुमार गुप्ता से इस विषय पर जानकारी दी गई।मौके पर ग्राम पंचायत पौसेरा के सरपंच कृष्ण कुमार पाँचे के साथ ग्राम पंचायत के प्रभारी सचिव संजय वंशपाल, उप सरपंच आत्माराम चौधरी के साथ ग्रामीण छन्नु पाँचे ,बलदास पाँचे-लुलाराम पाँचे ,शिवशंकर कावडे, देवाली पाँचे - राजकुमार देवाहे - बीरबल पाँचे, रामलाल ऊके - संजय पाँचे,- पुसुलाल पाँचे - राजेश पाँचे,- राजू पाँचे आदि ग्रामीण मौजूद थे।

## सीबीएसई ने जारी किया परीक्षा परिणाम, वांग्मय ने प्रदेश में पाया पहला स्थान

**कटंगी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने सोमवार 13 मई को कक्षा 10वीं और कक्षा 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं. बालाघाट जिले के कटंगी विकासखंड के गोल्डन ट्यूलिप इंटरनेशनल स्कूल कटेधरा के छात्र ने कमाल कर दिया है. 12 वीं के छात्र वांग्मय डॉ माधुरी गिरेन्द्र पंवार ने 97.4 फीसदी अंक अर्जित कर प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है. वहीं इसी स्कूल के 07 अन्य विद्यार्थियों ने कक्षा 10 वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित किए है. वांग्मय पंवार के प्रदेश में पहला स्थान आने की खबर जैसे ही कटंगी शहर के लोगों तक पहुंची. वैसे ही वांग्मय को बधाई देने के लिए लोगों का तांता उनके घर पहुंचने लगा. परीक्षा परिणाम आने के बाद जैसे ही वांग्मय को पता चला कि उन्होंने जिले में पहला स्थान हासिल किया है. वह सीधे अपने स्कूल पहुंचे. करीब 03 बजे के बाद स्थिति साफ हुई कि वांग्मय ने ना केवल जिले में बल्कि प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है।

## आवास पूर्ण मगर नहीं मिली तीसरी किस्त

# कटंगी में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की जांच हुई शुरू

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी शहर में गरीबों को पक्की छत दिलाने के लिए शुरू की गई प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में कथित तौर पर बड़ा घोटाला हुआ है. इस योजना के पात्र हितग्राहियों को आवास पूर्ण करने के बाद भी 5 सालों से तीसरी किस्त का आवंटन आज तक नहीं हुआ. इस पूरे मामले की जांच के आदेश बालाघाट कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने दिए है. जांच के लिए जनपद पंचायत कटंगी और ग्राम पंचायत रोजगार सहायकों की 18 सदस्यों वाली एक जांच टीम बनाई गई है. सोमवार से जांच टीम ने वार्डों में पहुंचकर जांच करनी शुरू कर दी है. जांच शुरू करने से पहले टीम के सभी सदस्य नगर परिषद कटंगी कार्यालय पहुंचे और वार्ड प्रभारियों को अपने साथ लेकर गए ताकि सीधे हितग्राहियों के घर पहुंचा जा सके. जांच टीम ने आज जब वार्ड में हितग्राहियों से सीधे मुलाकात की. जांच दल ने पाया कि आवास पूर्ण होने के बाद भी तीसरी किस्त नहीं मिली।

गौरतलब हो कि कलेक्टर ने जांच टीम को 08 बिंदुओं के आधार पर जांच के लिए निर्देशित किया है. जांच दल हितग्राही की पात्रता की जांच, आवासों की स्थिति, स्वीकृत डीपीआर में नाम है या नहीं, स्वीकृत वर्ष, स्वीकृत आवास के दस्तावेज की उपलब्धता, कार्य पूर्ण होने पर जियो टैग किया गया या नहीं, जियो टैग करने में कितना विलंब किया गया और जियो टैग के पश्चात भुगतान में कितना विलंब हुआ. इन बिंदुओं के आधार पर जांच करेगी. जांच करने के लिए 18 सदस्यों का दल बना है. प्रत्येक 02 सदस्य को अलग-अलग वार्ड में जांच की जिम्मेदारी दी गई है. आज अर्जुननाना वार्ड क्रमांक 01 और 02 में जिस दल ने जांच शुरू की. उस दल के सदस्यों ने पाया कि आवास पूर्ण होने के बाद भी तीसरी किस्त नहीं मिली है. यह वह हितग्राही है जिन्हें वर्ष 2018-19 में आवास योजना का लाभ मिला था. हालांकि जिन हितग्राहियों को वर्ष 2021-22



और इसके बाद आवास योजना का लाभ दिया गया है. उन हितग्राहियों को जियो टैग के आधार पर पहली किस्त नहीं है।

कथित तौर पर नगर परिषद कटंगी में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घोटाले को वर्ष 2018-19 के तत्कालीन सीएमओ, नोडल अधिकारी उपयंत्री राजेश चौकसे, लिपिक अशोक दुबे लिप्त है. शहर में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को 5 साल से तीसरी किस्त की राशि नहीं मिल पाई है. नगर के प्रत्येक वार्ड में ऐसे हितग्राही मौजूद है. जिन्हें तीसरी किस्त नहीं मिल पाई है. इन हितग्राहियों ने साहूकारों से पैसा और दुकानदारों से सामग्री उधार लेकर अपना मकान पूर्ण करवाया. अब यह हितग्राही उधार की राशि चुका रहे है. जबकि कई हितग्राही आज भी उधार नहीं चुका पाए है केवल ब्याज की राशि ही अदा कर रहे है. खैर, कलेक्टर से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) मामले की जांच के आदेश देने के बाद हितग्राहियों ने राहत की सांस ली है. मगर, हितग्राही तीसरी किस्त के साथ दोषी अधिकारी और कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग भी कर रहे है।

**खबर संक्षेप**

## स्व मणिना गेन्द्र सिंह पटेल की पुण्य स्मृति में श्रीमद्भागवत कथा का अयोजन

**नरसिंहपुर।** समाजसेवी स्वर्गीय मणिनागेन्द्र सिंह की स्मृति में लगातार विविध कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं, इसी श्रृंखला के अंतर्गत कथा यजमान जालम सिंह पटेल, सुमनलता पटेल, मुलायम सिंह पटेल, यशोदाबाई पटेल, प्रहलाद सिंह पटेल, पुष्पलता पटेल, सरदार सिंह पटेल, कल्पभालता पटेल के द्वारा मां नर्मदा जी की अनुकंपा से कीर्तिशेष स्व मणिनागेन्द्र की प्रथम पुण्यतिथि पर वैशाख शुक्ल पक्ष पंचमी से वैशाख शुक्ल पक्ष एकादशी तक श्रीमद् भागवत कथा मूल पाठ का आयोजन 12 मई से 19 मई दिन रविवार तक स्थान निज निवास, किसानी मोहल्ला में आयोजित की जा रही है। श्री पटेल परिवार ने सभी क्षेत्रीय धर्म प्रेमियों से कथा में सम्मिलित होकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

## पानी में डूबने से बालक की मौत

**नरसिंहपुर।** गत दिवस सूरजकुंड घाट नर्मदा नदी में नहाते समय 11 वर्षीय बालक पानी में डूब गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार लखन पिता चंद्रभान मेहरा उम्र 11 वर्ष निवासी गुंदरई थाना ठेमी अपने परिजनों के साथ नर्मदा स्नान हेतु सूरजकुंड गया हुआ था जहां पर नहाते समय गहरे पानी में चला गया और डूबने से मौत हो गई परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर परीक्षण के दौरान डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए मार्ग पंचनामा तैयार कर शव का परीक्षण कर कर परिजनों को सौंप दिया।

## सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मौत

**नरसिंहपुर।** गत बस सड़क हादसे में व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद नौशाद मंसूरी पिता सलीम मंसूरी उम्र 40 वर्ष निवासी 58 सेक्टर थाना द्वारकापुरी इंदौर की गुटोरी थाना तेंदूखेड़ा के पास हुई सड़क दुर्घटना में घायल हो गया जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए मर्ग कायम कर सब का परीक्षण कराकर परिजनों को सौंप दिया।

## शराबी स्वास्थ्य कर्मचारी और एम्बुलेंस चालक निलंबित

**नरसिंहपुर।** गोटेगांव उपस्वास्थ्य केन्द्र में विगत दिनों स्वास्थ्य कर्मचारी और एम्बुलेंस चालक द्वारा की गई शराबखोरी और हंगामें के बाद जहां गोटेगांव थाना पुलिस ने दोनों पर कार्रवाई की, वहीं पूरे मामले की जानकारी स्वंय जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा स्वत संज्ञान लेते हुए ली गई है। इसके साथ ही सीएमएचओ राकेश बोहरे ने कर्मचारी सहित एम्बुलेंस चालक पर कार्रवाई करते हुए निलंबन की कार्रवाई करते हुए बीएमओ एसएस धुर्वे को मामले की जांच का प्रतिवेदन बनाकर देने का आदेश दिया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने नईदुनिया से चर्चा करते हुए कहा, कि इस तरह का कृत्य कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। वही बीएमओ के लचर रवैये को लेकर उन्होने कहा, कि बीएमओ की भूमिका की भी जांच की जायेगी। विदित हो, कि गोटेगांव स्वास्थ्य केन्द्र में अधिकारियों और कर्मचारियों की मनमानी पूरे चरम पर थी, जिसके कारण जहां न केवल मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ता था, वही अस्पताल परिसर में शराबखोरी की जाती थी, स्थानीय लोग बताते है, कि शाम होते ही समूचा स्वास्थ्य केन्द्र शराब अहाते के रूप में परिवर्तित हो जाता था। कर्मचारी और एम्बुलेंस चालकों द्वारा की जा रही शराबखोरी और आए दिन इनके द्वारा किए जा रहे। हंगामें की शिकायत कई बार बीएमओ एसएस धुर्वे को की गई, लेकिन बीएमओ ने इन शराबी कर्मचारियों पर कभी कोई कार्रवाई नहीं की थी। लेकिन विगत दिनों जब शराब पीकर कर्मचारी और एम्बुलेंस चालक के बीच कहा सुनी हुई और विवाद इतना बढ़ गया, कि हंगामें तक बात जा पहुंची और पुलिस के हस्तक्षेप के चलते यहां चल रही कारगुजारियां लोगों के सामने आ गई थी।

# बारातियों से भरी बोलेरो पलट गई हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई, 5 घायल

**सिवनी।** बोलेरो में दूल्हा-दुल्हन समेत सवार 8 लोग घंसौर थाना क्षेत्र के लालपुर से शादी करके हिनोतिया आ रहे थे। जैसे वे हिनोतिया के पास पहुंचे कार अनियंत्रित होकर पलट गई।
प्रत्यक्षदर्शियों ने आदेगाव पुलिस और 108 वाहन सूचना दी। इसके बाद घायलों को एम्बुलेंस की मदद से लखनादौन के सिविल अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने 3 लोगों को मृत घोषित कर दिया। 5 घायलों का इलाज किया जा रहा है।

**हादसे में इनकी हुई मौत**

पुलिस ने मृतकों के शवों का पंचनामा बनाकर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मरने वालों में अनुराधा पिता सुनील उइके उम्र 13 वर्ष, धीरुलाल उइके पिता मुन्ना लाल उम्र 56 वर्ष, मुकेश धुर्वे पिता संतोष धुर्वे उम्र 26 वर्ष शामिल हैं।

**हादसा सोमवार करीब 11:30 बजे आदेगांव थाना अंतर्गत हिनोतिया के पास हुआ**

वहीं घायलों में भारत धुर्वे पिता सुखदेव धुर्वे उम्र 25 वर्ष निवासी हिनोतिया, दींन भगत उइके पिता रामदास उइके उम्र 23 वर्ष निवासी पुरवा, दिनेश उइके पिता प्रहलाद उइके उम्र 28 वर्ष निवासी मागदोरिया, कमल सिंह परते पिता सरब सिंह परते उम्र 55 वर्ष, चंद्रकांता उइके पति भारत उम्र 25 वर्ष के नाम शामिल हैं।
आदेगाव थाना प्रभारी पूजा राय ने बताया कि सूचना मिली थी कि हिनोतिया के समीप बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। जिसमें 8 लोग सवार थे। जिनमें 3 लोगो की मौत हो गई है। 5 लोगों का इलाज जारी है। ये लोग घंसौर थाना क्षेत्र के लालपुर से शादी करके लौट रहे थे। हिनोतिया के पास दुर्घटना का शिकार हो गए। फिलहाल घटनाक्रम की जांच की जा रही है।

# चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट में आवश्यक सुधार कार्य के लिए दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न**

**सिवनी।** कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सोमवार 13 मई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित हुई। आयोजित बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री गुरूदत्त शर्मा, एसडीओपी सिवनी, यातायात, परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ साथ एनएचईआई, एमपीआरडीसी, पीडब्ल्यूडी एवं नगरपालिका के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम विगत बैठक के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा कर सड़कवार ब्लैक स्पॉट के सुधार कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंघल द्वारा चिन्हांकित दुर्घटना संभावित स्थानों में आवश्यक सुधार कार्यों के लिए संबंधित सड़क निर्माण एजेंसी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने सड़कों में मार्किंग, रंबल स्ट्रीप, स्पीड ब्रेकर को आवश्यकतानुसार बनाने के निर्देश दिए, इसके साथ साथ स्पीड लिमिट, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में साईन बोर्ड लगाने के निर्देश भी संबंधित निर्माण एजेंसी को दिए।
बैठक में विगत माह में घटित हुई सड़क दुर्घटना की भी समीक्षा की गई। उन्होंने सभी सड़क दुर्घटनाओं के कारण का पता लगाने यातायात, संबंधित थाना प्रभारी तथा संबंधित रोड एजेंसी के प्रतिनिधि की त्रि-सदस्यीय समिति गठित करने के निर्देश दिए, ताकि समिति की रिपोर्ट अनुसार आवश्यकतानुरूप सुधार कार्य करवाया जा सके। कलेक्टर श्री सिंघल ने नगरीय क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को लेकर सीएमओ नगर पालिका को सब्जी मण्डी के लिए पार्किंग व्यवस्था सुश्चित करने के निर्देश दिए, इसके साथ साथ नगरीय क्षेत्र के स्पीड ब्रेकर में स्पष्ट मार्किंग करने के निर्देश भी दिए।

## पुस्तकें एवं गणवेश मेले का आयोजन कल से

**सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार जिले में पुस्तक एवं गणवेश हेतु मेले का आयोजन 15 मई से 17 मई 2024 तक शासकीय उर्दू कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सिवनी में दोपहर 12 बजे से शाम 06 बजे तक आयोजित किया गया है। उक्त मेले में अशासकीय विद्यालयों की पुस्तकें, गणवेश एवं स्टेशनरी उपलब्ध कराई जावेगी तथा अशासकीय विद्यालयों में जिन अभिभावकों के बच्चे अध्ययनरत है ऐसे सभी अभिभावक अधिक से अधिक संख्या में पुस्तक मेले में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। जिन अभिभावकों के द्वारा पूर्व में पुस्तकें क्रय कर ली गई है वे भी इस मेले में आकर जानकारी ले सकते हैं। यह मेला आगामी सत्र से सत्रारंभ के पूर्व प्रतिवर्ष लगेगा।

## नशा मुक्ति केन्द्र डूण्डासिवनी में आयोजित हुआ विधिक जागरूकता शिविर

**सिवनी।** अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री सतीश चंद्र राय के मार्गदर्शन में एवं श्री लक्ष्मण कुमार वर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के निर्देशन में श्री केशव कुमार न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी एवं श्रीमती तनु गुप्ता न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी के द्वारा सोमवार 13 मई 2024 को सहारा नशा मुक्ति केन्द्र डूण्डासिवनी में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में नालसा नशा पीड़ितों के लिए विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाएं योजना, पास्को एक्ट, यौन उत्पीड़न, के विषय में जानकारी प्रदान की गई।

## अवैध शराब के उत्पादन, संग्रहण, परिवहन एवं विक्रय के विरूध्द सतत जारी कार्यवाही

**सिवनी।** कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल के निर्देशों के परिपालन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में जहरीली एवं अवैध शराब के उत्पादन, संग्रह, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने हेतु सतत कार्यवाही की जा रही हैं। इसी क्रम में आबकारी विभाग के दल द्वारा 06 मई से 12 मई 24 तक वृत्त उत्तर में 03 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 112987/- रू. अनुमानित मूल्य की 19.52 ब.ली.मदिरा एवं 1080 कि.ग्रा. महुआ लाहन जप्त कर नष्ट करने की कार्यवाही की गई। इसी तरह वृत्त दक्षिण में 09 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 344000/- रू. मूल्य की 105.0 ब.ली. मदिरा एवं 3180 किग्रा महुआ लाहन, वृत्त शहर में 07 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 10957/- रूपये की 38.02 ब.ली. मदिरा एवं 00 किग्रा महुआ लाहन, वृत्त लखनादौन में 05 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 3920/- रूपये की 12.23 ब.ली. मदिरा एवं 00 किग्रा महुआ लाहन तथा वृत्त घंसौर में 04 प्रकरण पंजीबध्द करते हुए 4379/- रूपये अनुमानित मूल्य की 13.94 ब.ली. मदिरा

## अखिल भारतीय आध्यात्मिक उत्थान मण्डल द्वारा कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज- नरसिंहपुर।

ब्रह्मलीन द्वि पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज श्री जी के द्वारा अखिल भारतीय आध्यात्मिक उत्थान मण्डल की स्थापना सं 1966 में आदिवासी वनवासी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के धार्मिक उत्थान सामाजिक उत्थान हेतु की थी। पूज्य गुरुदेव भगवान ने जब ग्रामीण अंचलों में निवास करने वाले आदिवासी वनवासी भाइयों बहनों की वस्तु स्थिति को देखा तो उन्होंने उनके उत्थान के लिए सम्पूर्ण भारत वर्ष में अखिल भारतीय आध्यात्मिक उत्थान मण्डल अनेकों शाखाएं की स्थापना की जो अपने अपने क्षेत्रों निवासरत आदिवासी वनवासी भाइयों बहनों के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं।

## बौद्धिक दिव्यांगजनों को प्रदाय किए गए लीगल गार्जियनशिप के प्रमाण पत्र

**सिवनी।** उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण सिवनी ने बताया कि राष्ट्रीय न्यास भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय का एक स्वायत्त संगठन है, जिसे बौद्धिक दिव्यांग, प्रमास्तिष्क घात, स्वपरायणता एवं बहुदिव्यांगता वाले व्यक्तियों के कल्याण के लिए गठन किया गया है। बौद्धिक दिव्यांग, प्रमास्तिष्क घात, स्वपरायणता एवं बहुदिव्यांगता वाले व्यक्ति एक विशेष स्थिति में होते है, क्योंकि 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद भी वो हमेशा अपने जीवन का प्रबंधन करने या अपनी बेहतरी के लिए कानूनी निर्णय लेने में सक्षम नहीं हो सकते है। इसलिये उन्हें जीवनभर कानूनी क्षेत्रों में अपने हितों का प्रतिनिधित्व करने के लिए किसी की आवश्यकता होती है। राष्ट्रीय न्यास के अन्तर्गत बौद्धिक दिव्यांग प्रमास्तिष्कघात, स्वपरायण एवं बहुदिव्यांगता की सामाजिक सुरक्षा, संरक्षण एवं इनके हिस्से की सम्पत्ति की देखरेख के लिए सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा विधिक संरक्षकता प्रदान करने हेतु प्रत्येक जिले में स्थानीय स्तर कमेटी का गठन किया जाता है। इस क्रम में सिवनी जिले में भी कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में स्थानीय स्तर कमेटी का गठन किया गया है। जिसमें सदस्य मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय, वरिष्ठ अधिवक्ता, एक दिव्यांग व्यक्ति, आशादीप प्रबंधन के सदस्य एवं सचिव उपसंचालक सामाजिक न्याय है। पिछले सप्ताह स्थानीय स्तर की कमेटी की बैठक जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र सिवनी में आयोजित की गई जिसमें दिव्यांग हिमांशु सनोडिया, अक्षय दिवाकर, अनिल उइके एवं निलेश साहू के विधिक संरक्षक हेतु आवेदन प्राप्त हुये है। कमेटी द्वारा प्राप्त आवेदनों का परीक्षण किया गया, परीक्षण उपरान्त कमेटी द्वारा पात्र पाये जाने पर विधिक संरक्षकता प्रमाण पत्र प्रदाय हेतु अनुशंसा किये जाने पर कमेटी के अध्यक्ष कलेक्टर श्री सिंघल द्वारा प्रमाण पत्र जारी किया गया। जिसे कमेटी के सचिव उपसंचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण द्वारा अभिभावकों के समक्ष में विधिक संरक्षकता प्रमाण प्रदान किये गये एवं उपस्थित अभिभावकों को राष्ट्रीय स्वपरायता, प्रमास्तिकघात, मानसिक मंदता और बहुदिव्यांगता व्यक्ति का कल्याण न्यास अधिनियम 1999 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा अपील की गई कि ऐसे बौद्धिक दिव्यांग प्रमास्तिकघात, स्वपरायण एवं बहुदिव्यांगता से ग्रसित जो 18 वर्ष से अधिक के हो चुके हैं। उनके अभिभावक लीगल गार्जियन प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

# संभागीय कोषालय की टीम कर रही भ्रष्टाचार की जांच

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** नरसिंहपुर में जारी भ्रष्टाचार को लेकर की जा रही जांच है। पूर्व में जहां चींचली में शिक्षा विभाग में पदस्थ अधिकारियों का पूर्व में किया गया भ्रष्टाचार सामने आ चुका है। वही गोटेगांव में भी तीसरे दिन तक की जा रही संभागीय कोषालय की टीम द्वारा की जा रही कार्रवाई अब नगर में चर्चा का विषय बनी हुई है। बीईओ कार्यालय गोटेगांव में जारी इस कार्रवाई में विभाग में जमें अधिकारियों और कर्मचारियों की मिली भगत से किए गए भ्रष्टाचार की परतें अब संभागीय कोषालय की टीम परत दर परत खोल रही है। कोषालय टीम से जुडे.अधिकारियों के अनुसार अब तक कार्रवाई में शिक्षा विभाग के अधिकारियों की कलई खुलती जा रही है और समूचे भ्रष्टाचार की अगर बात की जाये तो यह लगभग एक करोड़ तक जा सकती है। शनिवार को भी दिन भर अधिकारियों द्वारा जांच की कार्रवाई जारी रखी गई, इस दौरान मीडिया के लोगों को भी इससे दूर रखा गया है। बंद कमरों में जारी पूछताछ और दस्तावेजों की जांच अब तक कई भ्रष्टाचार सामने ला चुकी है। साथ ही यह भी कि किस तरह से भ्रष्टाचारियों को उपकृत करते हुए विभाग के अधिकारियों ने भ्रष्टाचार की मलाई का स्वाद चखा है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय गोटेगांव में अधिकारियों, बाबुओं एवं कुछ शिक्षकों की मिली भगत से सरकारी खजाने से करोड़ों रुपए पार कर दिए गए है।

### लूट की मिली खुली छूट

जांच में प्रथमदृष्टया ऐसा नजर आ रहा है, कि भ्रष्टाचार की कुल राशि एक करोड़ से भी कहीं ज्यादा है। आश्चर्य की बात है, कि अब तक शिक्षा विभाग मौन क्यों धारण करके रखा हुआ था। ऐसा तो संभव है, ही नहीं कि, इतनी बड़ा गबन विभाग में होती रहा और विकासखंड शिक्षा अधिकारी या जिला शिक्षा अधिकारी की जानकारी में यह मामला न आया हो। लेकिन आज तक कोई बड़ी कानूनी कार्यवाही जिला शिक्षा अधिकारी या कलेक्टर के द्वारा नहीं की गई है। मात्र औपचारिकता के लिए एक शिक्षक अकरम खान और अतुल मिश्रा को निलंबित किया गया एवं बहाली में उन्हें उनके मन माफिक स्थान पर नियुक्त कर दिया गया। परिणाम यह हुआ, कि जैसे सरकारी खजाने को लूटने का लाइसेंस मिल गया। वर्तमान में चल रही जांच के दौरान भी शिक्षकों के खातों में लाखों की राशि गलत तरीके से जमा की गई है।

### कौन है इस गबन का मास्टर माईंड

नरसिंहपुर जिले के विकासखण्डों में कथित रूप से किए गए भ्रष्टाचार की जांच के बाद जानकारी हासिल हुई है, कि सुनियोजित तरीके से अधिकारियों और कर्मचारियों की सांठगांठ के चलते इस भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया है। जांच में जहां छोटे प्यादों की बलि चढ़ाई गई, लेकिन इस बडे.भ्रष्टाचार का मास्टर माईंड आज भी पर्दे के पीछे है। लोगों को अब इस जांच से उम्मीद है, कि जहां कर्मचारियों और छोटे अधिकारियों के नाम सामने आएगें वही सिस्टम में बैठे उस खिलाड़ी का चेहरा भी उजागर हो जायेगा, जिसकी शह पर इन प्यादों ने भ्रष्टाचार को अंजाम दिया।

# 25 से 65 वर्ष तक की महिलाएं हुई परीक्षा में शामिल, हल किए प्रश्नपत्र

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।





ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती और ज्ञानार्जन की कोई उम्र नहीं होती इसी कथन को सत्य सिद्ध करते हुए गोटेगांव में 18 से 65 वर्ष की उम्र तक के स्वाध्यायियों ने विगत दिवस मनीपुंगव सुधा सागर महाराज द्वारा निर्मित द्वादश वर्षीय पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्रथम और द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं दीं। गोटेगांव में द्वादश वर्षीय पाठ्यक्रम की संयोजिका वर्षा जैन ने बताया, कि लगभग 40 विद्यार्थियों ने प्रथम और द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं दीं, जिस उम्र में नाती, पोते स्कूलों की परीक्षाएं देते हैं, उस उम्र में ज्ञान की जिज्ञासु महिलाओं ने प्रश्न पत्र से उत्तर पुस्तिकाओं में उत्तर लिखे। उन्होंने कहा, कि महिलाओं को सारा दिन घर गृहस्थी के तमाम काम करने होते हैं, इसके बाद समय निकालकर स्वाध्याय करना काफी कठिन होता है। इसीलिए इन सभी परीक्षार्थियों का प्रयास काफी सराहनीय है। श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर द्वारा संचालित पाठ्यक्रम की परीक्षाओं का आयोजन दो चरणों में गोटेगांव के विद्या भवन में संपन्न हुए, जिसमें युवा एवं बुजुर्ग महिलाओं ने विद्यार्थी बनकर परीक्षा दी। वर्षा जैन ने पाठ्यक्रम के विषय में जानकारी देते हुए कहा, कि जैन धर्म के प्रारंभ से लेकर विशिष्ट ज्ञान के अध्ययन के लिए इस पाठ्यक्रम की शुरुआत की गई है जिससे कि हम स्वयं जैन धर्म के बारे में शिक्षित हो और आगे की पीढ़ियों को भी यह ज्ञान विरासत में दे सकें। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से दो चरणों में 2 वर्षों की आठ परीक्षाएं आयोजित की गई। इस पाठ्यक्रम के माध्यम से जैन धर्म के मूल सिद्धांत, आदि पुराण, द्रव्य संग्रह आदि अनेक ग्रंथों का अध्ययन एवं स्वाध्याय किया जा सकेगा एवं इसके पेपर बोर्ड परीक्षाओं की तर्ज पर सांगानेर परीक्षा बोर्ड की ओर से आयोजित कराए जाएंगे। सभी परीक्षार्थियों ने परीक्षा को उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, कि एक बार फिर से हमें स्कूल और कॉलेज का जमाना याद आ गया। सभी ने मुनि सुधा सागर के प्रति कृतज्ञता दर्शायी और पाठ्यक्रम की संयोजिका वर्षा जैन के प्रति आभार व्यक्त किया। गोटेगांव के सभी लोगों और ट्रस्टीजनों ने सभी परीक्षार्थियों के प्रयासों की सराहना की।

# अतिथियों, अभिभावकों ने देखी बच्चों की प्रतिभा पेंटिंग सहित अन्य गतिविधियों में दिखाया हुनर



## शासकीय सीएम राइज स्कूल डोभी में आयोजित हो रहे समर कैंप का हुआ गरिमामय समापन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

शासकीय सीएम राइज स्कूल डोभी में शासन द्वारा संचालित 1 मई से चल रहे समर कैंप का रविवार को समापन हुआ। समापन कार्यक्रम की शुरुआत संस्था प्राचार्य अंजेश पटेल एवं राजेश्वरी साहू द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए की गई। संस्था में उपस्थित बच्चों के पालकों सहित सभी अतिथियों का संस्था द्वारा स्वागत किया गया। कक्षा 1 से 12 तक के सभी बच्चों द्वारा बनाई गई, चित्रकला एवं अन्य गतिविधियों का उपस्थित पालकों एवं अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य अंजेश पटेल ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं पालकों को शाला से संबंधित अन्य गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा, कि राज्य शासन के आदेश के तहत 1 मई से 12 मई तक समर कैंप का आयोजन सुबह 8 बजे से 10 तक किया गया, इसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अवकाश के समय का सदुपयोग करते हुए किया गया। मार्गदर्शक शिक्षकों और रिसोर्स पर्सन द्वारा विद्यार्थियों की चयनित थीम के आधार पर विभिन्न कौशलो में दक्ष बनाया गया है। कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों को लोककला के अंतर्गत मधुबनी चित्रकला के मार्गदर्शन शिक्षिका नंदिनी नायक द्वारा दिया गया। कक्षा 6 से 8 तक की विद्यार्थियों को क्रिएटिव राइटिंग शिक्षक सुषमा सराठे द्वारा सिखाई गई। कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों को इंडोर गेम का प्रशिक्षण शीतल पटेल द्वारा दिया गया। इसके बाद वरिष्ठ शिक्षक गोठल सिंह पटेल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, कि आप सभी ने जो गतिविधियां तैयार की उनका निरंतर अभ्यास जारी रखें, आने वाले समय में यह गतिविधियां बहुत हितकारी साबित होगी। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों द्वारा भी संबोधित किया गया। समर कैंप में बच्चों द्वारा चित्रकला, खेलकूद, व्यायाम आदि का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया जिसकी सभी ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शिक्षकों एवं अतिथियों द्वारा मेडल, शील्ड व प्रमाण पत्रों का पुरस्कार भी प्रदान किये गए।

# छप्पर अलग कर चोरी कर भाग रहे चोर को ग्रामीणों ने पकड़ किया पुलिस के हवाले

### बड़े गिरोह की जताई जा रही संभावना

**तेंदूखेड़ा-** थाना क्षेत्र में हो रही बड़ी बड़ी चोरियों का अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है। वहीं शनिवार रविवार की दरमियानी रात को एक चोर समीपी ग्राम गुटोरी में प्रतिष्ठित कृषक मिथलेश पटेल एवं नीरज पटेल के घर में भीतर छप्पर निकाल कर भीतर जा घुसा और चोरी करके एक छप्पर से कूंद कर भाग ही रहा था कि एक वृद्ध महिला ने चोर को छप्पर से कूंदते देख तत्काल आवाज लगाई आवाज सुनकर परिवार के लोग उठे और वृद्ध महिला के अनुसार खेत से भागते हुए चोर का पीछा किया चोर चकमा देकर गन्ने के खेत में छिपने का प्रयास किया। मिथलेश के घर से सोने चांदी के जेबरात एवं 40 हजार नगद चोरी हुये है। यह खबर जंगल की आग की तरह पूरे गांव में फैल गई। ग्रामीणों के प्रयासों से पकड़ कर चोर को गांव में लेकर आयें और पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस चोर को पकड़कर थाने लाई है। उससे पूछताछ प्रारंभ की जा रही है। शारदा चैक गढ़ा जबलपुर के निवासी राजा बरमन के रूप मे चोर का नाम सामने आया है। पुलिस ने भा द स 1860 अधिनियम की धारा 447 380 के तहत फिलहाल कायमी करली है एवं सघनता से पूंछताछ की जा रही है। गौरतलब रहे कि काफी लंबे समय से ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी बड़ी चोरियां हो रही है और पुलिस को चोर हाथ नहीं लग पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि सघनता से पूंछतांछ की गई तो मानकपुर बिजोरा काशीखेरी ईश्वरपुर बिचुआ देवरी सहित अनेक स्थानों पर जो चोरियां हुई है जिनका भी खुलासा होने की संभावनायें जताई जा रही है। चोर के साथ किसी गिरोह की संभावनाओं से भी इंकार नहीं किया जा सकता। चूंकि यह विषय पुलिस कार्यवाही के उपरांत ही स्पष्ट किया जा सकेगा। फिलहाल पुलिस पूछताछ में जुट गई है एवं अभी कुछ भी सार्वजनिक नहीं कर रही है। स्थिति स्पष्ट होने के बाद ही कुछ कहने को कह रही है।

ग्यारहवीं पुण्यतिथि



स्व. हरवंश सिंह जी
(पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री म.प्र. शासन)
आज 14 मई 2024
ग्यारहवीं पुण्य तिथि
अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि एवं शत्-शत् नमन्
आज पुण्यतिथि के अवसर पर हमारे गृह ग्राम बर्रा जिला सिवनी में शाम 6 बजे भजन संध्या आयोजित है।
भजन संध्या की प्रस्तुति श्री रामायण मंडल (निज निवास बर्रा मे)
निवेदक - ठा. रामजियन सिंह (भाई), ठा. रजनीश सिंह, ठा. अवनीश सिंह (पुत्र), ठा. अभिराज सिंह - करुणा सिंह, ठा. महेश सिंह-ओम शशि सिंह (बेटी-दामाद), शिवकांत सिंह, आशीष सिंह, अभिनव सिंह, अभिषेक सिंह (भतीजे), दुर्गेश सिंह, रत्नेश सिंह, विराज सिंह, अदिश सिंह, दिव्यांश सिंह, धर्मेश सिंह, वेदांत सिंह, अंजनेय सिंह (नाती) दर्श सिंह, अवनी सिंह, श्रीजा सिंह।

## खबर संक्षेप

### 31 सर्विस वोटर्स के वोट डाक मत पत्र के स्ट्रांग रूम में रखे गए

**बालाघाट।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सोमवार को डाक मत पत्र का स्ट्रांग रूम खोला गया। ज्ञात हो कि जिले के नियमित रूप से सर्विस वोटर्स के मत लिफाफे प्राप्त हो रहे है। प्राप्त लिफाफे आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम में रखें जा रहें है। सहायक नोडल अधिकारी पीबी गजेंद्र कठाने ने बताया कि सोमवार को 31 इटीपीबीएस प्राप्त हुए है। बालाघाट जिले में अब तक कुल 903 इटीपीबीएस पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए है। जिन्हें स्ट्रांग रूम में रखा गया हैं। इस दौरान पोस्टल बैलेट सहायक नोडल अधिकारी गजेंद्र कठाने, डीडीए राजेश खोबरागढ़े, एजी-3 विश्वेश्वर भगत तथा राजनितिक पार्टी से भाजपा के संजय अग्निहोत्री, कांग्रेस के जयदीप सिंह गहरवार, बीएसपी से गगन सोनी, निर्दलीय रघुवीर चौहान, हिमांशु सिंह कोहराम तथा पोस्टमेन राकेश उइके उपस्थित रहे।

### दों प्रकरणों में 4-4 लाख रुपये की सहायता राशि हुई स्वीकृत

**बालाघाट।** एसडीएम कटंगी एमआर धुर्वे ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 06-04 के प्रावधानों के तहत प्राकृतिक आपदा अंतर्गत आकस्मिक रूप से मृत्यु के 2 प्रकरणों में सहायता राशि स्वीकृत की है। 4 फरवरी 2024 को नंदेलसरा कटंगी के तालाब में डूबने के कारण निवासी ग्राम अतरी तहसील कटंगी के सुखराम गोंड की वारिस पत्नी तारनबाई को तथा 01 फरवरी 2024 को ग्राम भजियापार कटंगी के कुए के पानी में डूबने से हुई मृत्यु पर मृतक योगराज कोकोडे की वारिस पत्नी कृष्णाबाई कोकोडे को 4-4 लाख रुपये की सहायता स्वीकृत की गई है।

### गांव तक फैला नशे का कारोबार, गैर कानूनी तरीके से बेची जा रही देसी विदेशी शराब... जिम्मेदार मौन

# क्या... खाकी और खादी के संरक्षण में फल-फूल रहा है अवैध शराब का गोरखधंधा?

**शराब माफियाओ को नहीं है पुलिस का जरा सा भी डर**

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

यह वारासिवनी अनुभाग एवं लालबर्रा की कानून व्यवस्था के लिए बहुत बड़ा सवाल है, शराब के चलते युवा बर्बाद हो रहे हैं। अनहोनी घटना हो रही है, घर में विवाद और न जाने ऐसी अनेकों अपराधिक गतिविधियां घटित हो रही है, बावजूद इसके पुलिस और आबकारी विभाग अवैध शराब की बिक्री पर कुछ एक कार्रवाई के बजाय पूर्ण तरीके से पाबंदी लगाने में बेबस सा नजर आ रहा हैं। न जाने लालबर्रा पुलिस की ऐसी कौन सी मजबूरी है जो लालबर्रा से कंजई तक संचालित ढाबो एवं गांव गांव चौक चौराहा मे गैर कानूनी तरीके से बेचीं जा रही शराब को लेकर कार्रवाई नहीं की जा रही है। जो आने वाली पीढ़ी के लिए चिंता का विषय है फिर भी जिम्मेदार अधिकारी ऐसी गतिविधियों को रोकने में कोई ठोस प्रयास नहीं कर रहे दैनिक हरिभूमि समाचार पत्र जबलपुर द्वारा निरंतर अवैध शराब की बिक्री को लेकर समाचार का प्रकाशन किया जा रहा है और जिम्मेदार है तो कार्रवाई का भरोसा दे रहे हैं। लेकिन क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों में देसी विदेशी शराब का अवैध धंधा चरम पर है और जोरो से चल रहा है। शाम होते ही शराब के शौकीन जाम छलकते नजर आते हैं जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में माहौल खराब हो रहा है बच्चे महिलाएं विद्यार्थी इसका दंश भोग रहे हैं फिर भी प्रशासन कार्रवाई का भरोसा ही दे रहा है। आखिर कब होगी अवैध शराब के विक्रेताओं पर कार्रवाई। देश में अनेकों सामाजिक संगठन महिला संगठन शराब को लेकर नशा मुक्ति अभियान चला रहा है लेकिन प्रशासन अवैध शराब की गांव-गांव बिक्री को अंकुश नहीं लग पा रहा है। सरकार को चाहिए कि अवैध शराब की बिक्री को पूर्ण तरीके से रोके जिससे कई घर बर्बाद होने से बचाए जा सकते हैं।






**गांव-गांव तक फैला रहे नशे का कारोबार**

विश्वसनीय सूत्रों की माने तो शराब के ठेकेदार द्वारा अपने निजी स्वार्थ और अधिक मुनाफा कमाने के उद्देश्य से पैकारों के माध्यम से गांव-गांव तक देसी विदेशी शराब बिकवाई जा रही है। जो गैर कानूनी तो है ही लेकिन समाज को बर्बाद करने की साजिश भी सरकार शराब के शौकीनों के लिए कुछ एक जगह लाइसेंसी दुकान खोलती हैं। जमीनी स्तर पर देखने में आ रहा है, कि ठेकेदार द्वारा गांव गांव तक देसी विदेशी शराब पहुंचाई जा रही है।

गांव-गांव में पैकारों के माध्यम से बिक रही देसी विदेशी शराब

लालबर्रा क्षेत्र में शराब दुकान के ठेकेदारो द्वारा पैकारों के माध्यम से गांव-गांव में शराब बेचीं जा फिर भी अवैध शराब की बिक्री पर किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो पा रही है और गांव-गांव में बेख़ौफ़ होकर शराब की बिक्री की जा रही है और गांव के माहौल को गंदा किया जा रहा है जिससे यह कहना लाजमी होगा कि नहीं है।

**शराब माफियाओं को पुलिस और आबकारी का भय**

अब देखना होगा की अवैध शराब की बिक्री को लेकर जिम्मेदार पुलिस और आबकारी विभाग शराब के विक्रेताओं पर क्या कार्रवाई करते हैं।

**मामला धारावासी बीट के कक्ष क्रमांक 751 का**

## वन परिक्षेत्र में रेत का परिवहन करते हुए ट्रैक्टर को वन विभाग ने पकड़ा



हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।

वन विकास निगम परिक्षेत्र लालबर्रा अंतर्गत आने वाले बीट धारावासी के कक्ष क्रमांक 751 मे वन विभाग के उड़न दस्ते ने अवैध रेत का परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर को धर दबोचा। मिली जानकारी के अनुसार वन विकास निगम परिक्षेत्र अधिकारी ज्योत्सना खोबरागड़े अपने स्टाफ के साथ सोमवार को गस्ती कर रही थी तभी धारावासी बीट कक्ष क्रमांक 751 मे दोपहर 4:30 के आसपास मौसमी निवासी रवि पटले का रेत से भरा ट्रैक्टर को वन परिक्षेत्र में पकड़ लिया गया और खबर लिखे जाने तक ट्रैक्टर को जप्त कर उसे कंजई रेस्ट हाउस लाकर पंचनामा कार्रवाई की गई है। ट्रैक्टर और ट्राली में नंबर नहीं था।

## बैंक की वीसी में शामिल हुए भोपाल के अधिकारी



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, बालाघाट द्वारा प्रति सप्ताह वीसी बैंक प्रशासक व कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में बैंक सीईओ आर.सी. पटले द्वारा ली जाती है। इसी तारतम्य में 13 मई को आयोजित वीसी में भोपाल अपेक्स बैंक से के.टी. सज्जन ने शाखावार नियमित बैंकिंग कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इसी तरह वीसी के माध्यम से सीईओ श्री पटले ने सभी शाखा प्रबंधकों, सुपरवाइजर और संस्था प्रबंधकों को निर्देशित किया गया कि मुख्यालय द्वारा दिए गए लक्ष्य की पूर्ति समयावधि में करे। इस दौरान पी. जोशी प्रबंधक लेखा, राकेश असाटी विपणन अधिकारी, राजेश नागपुरे फील्ड अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

**उपार्जन केंद्र में किसानों से नहीं खरीदा जा रहा गेहूं**

## अफसरों ने खरीदी केन्द्र प्रभारी को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



कटंगी तहसील क्षेत्र के ग्राम सेलवा में स्थित गेहूं उपार्जन केंद्र में किसानों से गेहूं नहीं खरीदा जा रहा है. किसान एक सप्ताह से अपनी उपज उपार्जन केन्द्र में लाने के बाद तुलाई का इंतजार कर रहे है. मगर, उपार्जन केन्द्र में फसल को रिजेक्ट किया जा रहा है. किसानों का आरोप है कि सर्वेयर जानबूझकर गेहूं को रिजेक्ट कर रहा है और कर्मचारी व्यापारियों को गेहूं बेचने की बात बोल रहे है लेकिन उपार्जन केन्द्र कर्मचारी इस बात से साफ इंकार करते है. उपार्जन केंद्र में गेहूं नहीं खरीदने और रिजेक्ट किए जाने की शिकायत किसानों ने विधायक गौरव सिंह पारधी से की. किसानों से मिली शिकायत के आधार पर विधायक ने पूरे मामले से कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा को अवगत करवाया और कलेक्टर ने अधिकारियों को आनन-फानन में उपार्जन केंद्र सेलवा में मामले की जांच के लिए भिजवाया. कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम मधुवंत राव धुर्वे, एम.पी. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड जिला अधिकारी पीयूष माली, जिला विपणन अधिकारी हिरेन्द्र रघुवंशी, खाद्य अधिकारी पी.एस.वराडी, वेयर हाउस प्रबंधक शिवम भिंडे उपार्जन केन्द्र पहुंचे. इन अधिकारियों ने पाया कि किसानों की उपज एफएक्यू क्वालिटी की नहीं है. जिस कारण सर्वेयर गेहूं की फसल को रिजेक्ट कर रहा है. गेहूं में मिट्टी की मात्रा अधिक है।

गौरतलब हो कि उपार्जन केन्द्र सेलवा में 1 हजार 9 सौ से अधिक किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए पंजीयन करवाया था. मगर, अब तक केवल 06 किसानों ने ही अपनी उपज लाकर बेची है. मतलब केवल 06 किसानों का गेहूं ही पास हुआ है बाकी जिन किसानों ने फसल लाई थी उनकी फसल तय मापदंड में नहीं होने के कारण रिजेक्ट कर दिया जाना बताया जा रहा है.

दरअसल, इस बार गेहूं भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) सीधे खरीद रहा है. जिस कारण खरीदी अधिकारियों को साफ निर्देशित किया गया कि गेहूं खरीदी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. यहीं कारण है कि खरीदी के दौरान सर्वेयर गेहूं की बेहद बारीकी से जांच कर रहे है और तय मापदंड का गेहूं नहीं मिलने पर बिना किसी देरी के फसल को रिजेक्ट कर रहे है. जिससे किसान नाखुश है. चूकिं इस वर्ष बेमौसम की बारिश होने से गेहूं की फसल पर असर पड़ा है. गेहूं की चमक समाप्त हो गई है और एफएक्यू क्वालिटी के मापदंड के अनुसार फर्क पड़ा है. हालांकि सरकार ने गेहूं की चमक को लेकर किसानों को जरूर राहत दी है. परंतु दूसरे मापदंड बेहद कठिन होने के कारण किसानों को गेहूं रिजेक्ट हो रहा है।

कलेक्टर के आदेश के बाद जब विभागीय अधिकारी और एसडीएम उपार्जन केन्द्र सेलवा पहुंचे तो अधिकारियों ने खरीदी केन्द्र कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. अधिकारियों ने पाया कि उपार्जन केन्द्र में किसानों को बुनियादी सुविधाएं नहीं दी जा रही है. अधिकारियों ने स्वयं की मौजूदगी में एक किसान का गेहूं साफ करवाया. जिसके बाद किसान का गेहूं खरीदने योग्य की स्थिति में आ गया. मगर, किसान पहले गेहूं रिजेक्ट कर दिए जाने से नाराज होकर अपनी उपज को लेकर वापस घर चले गया।

**जिम्मेदार अधिकारी जानबुचकर बने है ध्रतराष्ट्र**

## गांव-गांव में चल रहा अवैध शराब का कारोबार!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




बालाघाट जिले के बिरसा तहसील के गांव गांव में जगह जगह में अंगेजी, देशी, विदेशी, शराब का कारोबार जोरशोर से चल रहा है शराब ठेकेदारो द्वारा दुकानों पान ठेलो में शराब पहुंचा कर दिया जा रहा है। इसके बावजूद भी पुलिस प्रशासन एवम आबकारी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के कानो में जू तक नही रेंग रहा है, ना ही कोई प्रशासन की ओर से कोई कार्यवाही बेचने वालो पर की जा रही है, ना ही शराब ठेकेदारों पर कार्यवाही की जा रही है। बिरसा तहसील के अंतर्गत मंडई, बीजा टोला, बिठली, रमगढी, मानेगांव, दमोह, कचनारी, सालेटेकरी , मछुरदा, डाबरी, बिठली, पाथरी, सोनगुडा, मंलाजखंड, मोहगांव, पलैहरा, जगला, डोगरिया, बखारी कोना, कैंडाटोला, सलघट एवम अन्य गाव मे किराना दुकान, पान ठेला, होटल, ढाबा में बिना डर दहशत के खुले आम अवैध शराब का कारोबार चल रहा है।

**पुलिस प्रशासन बना ध्रतराष्ट्र**

बिरसा तहसील में अवैध शराब का कारोबार चरम सीमा में चल रहा है इसके बावजूद भी स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा धरपकड़ की कोई कार्यवाही सामने नही आ रही है। इस कारण और भी शराब ठेकेदार एवम ग्रामीण अंचल में शराब के फूट विक्रेता फल फूल रहे है। सूत्रों की माने तो बताया जा रहा है की शराब ठेकेदार द्वारा शासन प्रशासन के अधिकारियो को मोटी रकम दिया जाता है इसलिए शराब ठेकेदारों की शराब एवम फूट विक्रेताओं पर धरपकड़ की कोई कार्यवाही नही किया जाता है। आबकारी विभाग के वरिष्ट अधिकारियो द्वारा भी इस तहसील में आज दिनाक तक दबिश नही दिया गया है जबकि इस क्षेत्र में जगह जगह चौक चौराहों में शराब खुलेआम बिक रहा है। आबकारी नीति अधिनियम के अनुसार ठेकेदार द्वारा सिर्फ दारू अपनी दुकान में ही बेचने का है परंतु आबकारी के अधिकारियो द्वारा मोटी रकम लेकर अजगर साप की तरह सोए हुए नजर आ रहे है।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अंतर्गत प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 अतर्गत सोमवार को शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं के लिये प्रशिक्षण आयोजित किया गया। छात्राओं को भारतीय स्टेट बैंक, शाखा कलेक्ट्रेट बालाघाट में शाखा प्रबंधक श्री ऋतिक रंजन प्रसाद व अन्य स्टॉफ द्वारा प्रशिक्षण प्रदाय किया गया। तत्पश्चात छात्राओं ने जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा, एसडीएम श्री गोपाल सोनी व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में पक्षियों के लिए अन्न व जलपात्र कलेक्टर परिसर में स्थापित किया। इस अवसर पर सभी अधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सम्पूर्ण गतिविधि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. निधि ठाकुर, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. स्वाति खोब्रागड़े व एनईपी 2020 संयोजक डॉ. अनुभूति सेंडीमन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

## आजीविका स्वाद संगम मिनी कैफे का हुआ शुभारंभ



**बालाघाट।** जिला पंचायत बालाघाट के प्रांगण में सोमवार को मप्र डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वाधान में आजीविका स्वाद संगम मिनी कैफे का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा रिबन काटकर कैफे का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा ने ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) की दीदीयों का उत्साह वर्धन एवं उन्हें मार्गदर्शन प्रदान किया। बताया गया कि बालाघाट के अंतर्गत मनोबल संकुल स्तरीय संगठन द्वारा यह कैफे संचालित किया जाएगा। कैफे एनआरएलएम के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आर्थिक रूपांतरण परियोजना के द्वारा संचालित वन स्टॉप फैसिलिटी सेंटर बालाघाट विकासखंड की एक पहल है। जिसके द्वारा जिले को फूड क्लस्टर के रूप में विकसित किया जा रहा है।

कार्यक्रम को सफल बनाने में एनआरएलएम के वर्तमान जिला परियोजना प्रबंधक श्री वीरेंद्र तिड़के, जिला प्रबंधक लघु उद्यमिता विकास श्री मुकेश बिसेन, जिला तकनीकी विशेषज्ञ श्री राहुल पटले, विकासखंड प्रबंधक श्रीमती स्वाति बिसेन एवं विकासखंड उद्यम समन्वयक श्री विशाल श्रीवास्तव एवं जिपं व जपं तथा एनआरएलएम से अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें।

**विधायक पटेल ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण**

# मरीजों को ठीक करने वाला खैरलॉजी अस्पताल ही निकला बीमार

**अस्पताल के चारों ओर मिला गंदगी का अंबार, चिकित्सा अधिकारी व कर्मचारियों को लगाई फटकार**

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

सरकारें लोंगो को अच्छी चिकित्सा सुविधाएं मुफ्त में मिल सके, इसलिए शहरों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेहतर चिकित्सा व्यवस्थाओं के साथ सरकारी अस्पताल खोल रही हैं। लेकिन कहीं पर्याप्त चिकित्सा सुविधा हैं, तो डॉक्टर नही हैं, जहाँ डॉक्टर हैं, तो वहाँ चिकित्सा सुविधाएं नदारत हैं। तो कही अस्पताल गंदगी से बजबजा रहे हैं, भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार होने के बजाय और बीमार हो रहा हैं।

**विधायक को देख हड़बड़ाये अस्पताल के कर्मचारी:** ऐसा ही गंदगी से बजबजाता खैरलांजी का सामुदायिक केंद्र हैं, जिसका औचक निरीक्षण क्षेत्रीय विधायक विवेक विक्की पटेल ने किया। इस स्वास्थ्य केंद्र में अचानक विधायक श्री पटेल को अपने सामने पाते ही पंखे कूलर की ठंडी हवा का आनंद ले रहे सभी कर्मचारी हड़बड़ाते हुए अपनी-अपनी कुर्सियों पर जा बैठे। आराम पसंद स्वास्थ्य कर्मी व अधिकारी विधायक की नजर से नहीं बच पाए, जिसके बाद विधायक श्री पटेल ने इन्हें जमकर फटकार लगाई।

**अस्पताल परिसर के अंदर बाहर जगह-जगह पड़ी दिखाई दी गंदगी:** स्वास्थ्य विभाग में परिसर की साफ सफाई व अन्य सामानों के मेंटनेस के लिए करोड़ो रूपये आते हैं। इन रुपयों का स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कैसे दुरूपयोग करते हैं? इसका अंदाजा खैरलाँजी स्वास्थ्य केंद्र में दिखाई देता हैं। इस स्वास्थ्य केंद्र में जगह-जगह गंदगी का अंबार सहित हर कमरों में मकड़ी का जाला दिखाई दिया। ये सब देखकर विधायक विक्की पटेल बेहद नाराज नजर आए। जिसके बाद विधायक श्री पटेल ने प्रसूति कक्ष का निरीक्षण किया। जहाँ पर उन्हें प्रसूति कक्ष की बिजली बंद दिखी, वहाँ भर्ती महिलाएं भी गर्मी से बेहाल नजर आई।

**शिकायत के बाद पहुँचे थे विधायक:** सनद रहे कि इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की बदहाल व्यवस्था की शिकायतें ग्रामीणों द्वारा विधायक से लगातार की जा रही थी। जिसके बाद सोमवार 13 मई को विधायक श्री पटेल ने मौके पर पहुंच कर अस्पताल की बदहाल व्यवस्था को अपनी नजरों से देखा। जिसके बाद उन्होंने वहाँ उपस्थित मरीजों और उनके परिजनों से चर्चा की। जिस पर एक स्वर में अस्पताल की बदहाल व्यवस्था के साथ अस्पताल स्टाफ की भी शिकायत अस्पताल में भर्ती मरीजों व उनके परिजनों द्वारा की गई।

**15 दिनों में व्यवस्था ठीक करने दिया निर्देश:** जिसके बाद विधायक श्री पटेल ने खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. खिलेंद्र पाल को जमकर फटकार लगाते हुए अस्पताल स्टाफ का मरीजों के प्रति सहयोगात्मक रवैया रखने और 15 दिवस के अंदर अस्पताल की सभी बदहाल समस्याओं को सुधार लेने या फिर नाफरमानी पर कड़ी कार्यवाही के लिए तैयार रहने सचेत किया।





***ग्रामीणों से अस्पताल की लगातार मिल रही थीं शिकायत- विक्की पटेल***

विधायक विवेक पटेल ने कहा कि उन्हें इस स्वास्थ्य केंद्र की खैरलाँजी क्षेत्र के रहवासियों से लगातार शिकायतें मिल रही थीं। जिसमें अस्पताल के डॉक्टर व नर्स का समय पर उपस्थित नहीं रहने की शिकायत मुख्य थी। जिस पर मैंने अचानक स्वास्थ्य केंद्र खैरलाँजी पंहुच कर निरीक्षण किया, तो वहाँ बहुत सी कमियाँ पाई गई हैं। अस्पताल में जगह-जगह गंदगी फैली थी, प्रसूति कक्ष की लाइट गोल थी, मरीज गर्मी में बेहाल हो रहे थे। मैंने चिकित्सा अधिकारी को प्रसूति कक्ष में बिजली की व्यवस्था बहाल करने औऱ 15 दिनों के भीतर अस्पताल की सारी अव्यवस्थाओं को दुरुस्त करने कह दिया हैं। मैं फिर निरीक्षण करूंगा, अगर कुछ कमियाँ पाई गई, तो उसके जिम्मेदार खुद लापरवाह अधिकारी होंगे।

## रक्तदान शिविर का आयोजन : समर्पण दिवस पर निरंकारी संतों ने किया 265 यूनिट ब्लड डोनेट

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



12 मई को सुबह 9 बजे से 6 बजे तक संत निरंकारी सत्संग भवन में 13वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मिशन के श्रद्धालुओं के साथ-साथ लोगों ने हिस्सा लिया। बाबा हरदेव सिंह की स्मृति में 'समर्पण दिवस' के रुप में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 265 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया।

एसडीएम गोपाल सोनी ने भी रक्तदान किया। शिविर जिसा अस्पताल के डॉक्टरों सहित ब्लड बैंक की टीम ने सहयोग किया। बताया गया कि देशभर में लगभग 265 स्थानों पर रक्तदान शिविर का आयोजित किए गए।नगरपालिका अध्यक्ष भारती ठाकुर, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश रंगलानी, वकिलचंद खटवानी और ग्रामीण क्षेत्र से आए महात्माओं ने भी अपना शिविर में योगदान दिया।

संत निरंकारी मिशन ब्रांच बालाघाट ने अब तक 2 हजार 405 यूनिट ब्लड डोनेट जिला अस्पताल के ब्लड डोनेशन सेंटर में किया है।

ए स डी ए म गोपाल सोनी ने कहा कि रक्तदान जैसा कोई पुण्य का काम नहीं हो सकता है। जिसमें गुरु का ज्ञान आ जाता है, उसमें अनुशासन, विनम्रता और सादगी आ जाती है। जब माहौल गुरुमय हो जाता है, तो काम पूरा हो जाता है। ऐसे गुरु की छत्रछाया जिसे भी मिलती है। वह भाग्यशाली होता है। उन्होंने कहा कि संत निरंकारी मिशन आध्यात्मिक कार्य कर रहा है, जो प्रेरणादायी है।

SATPUDA ENGINEERING COLLEGE
Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP
4 Year Degree
B.Tech. & Polytechnic
3 Year Diploma
COMPUTER SCIENCE ENGG.|
MINNING | CIVIL | MECHANICAL | ELECTRICAL
Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,
www.satpudaengineeringcollege.com